

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार, 16 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-342 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 मार्च 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## विस में गूंजा पोटा केबिन में छात्राओं के गर्भवती होने का मुद्दा

### स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य, विपक्ष ने किया कार्यवाही का बहिष्कार

**रायपुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान बीजापुर जिला के गंगालूर में संचालित पोटा केबिन में छात्राओं के गर्भवती होने के मामले में विपक्ष स्थगन लाया. सत्तापक्ष के जवाब से और स्थगन की सूचना के अस्वीकृत होने पर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया.


पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंगालूर पोर्टा केबिन का मामला उठाते हुए कहा कि लगातार नाबालिक छात्राओं, खासतौर के आदिवासी लड़कियों, के साथ 2002 से लगातार यह घटनाएं घट रही है. इस पर सरकार दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है. इस पर हम स्थगन लाए हैं. कृपया सारा काम रोककर इसमें चर्चा कराएं.

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बीजापुर मामले पर लाए, इसमें एक बच्ची 11वीं में पढ़ती थी, और दूसरी बच्ची 12वीं में, लेकिन अब तक सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की है. इस पर चर्चा जरूरी है. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि हमें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार दोनों बच्चियों को छात्रावास से भगा दिया गया है. प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस पर लीपापोती की जा रही है.

विधायक संगीता ने कहा कि 2024 में मैं खुद जांच समिति में गई थी. में पोर्टा केबिन में भी गई थी. गंभीर मामला है. लखमा ने चर्चा में कहा कि बस्तर के पोर्टा केबिन की यह घटना दर्दनाक









है. सरकार से निवेदन है कि अधिकारी पर कार्यवाही की जाए. क्या आदिवासी दुश्मन है? क्या आदिवासी बच्चे पढ़ेंगे नहीं क्या? मां-बाप बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए भेजते हैं, पर वह कोई नहीं है. दोषियों पर कार्यवाही होनी जरूरी है.

विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि हमारे बस्तर मामले का मामला है. अधीक्षिका की जब ऐसी बाते सामने आती है, तब उन्हें घर भेज दिया जाता है. एफआईआर कराने के बजाए उन्हें संरक्षण देने की कोशिश की जाती है. क्या आदिवासी बच्चियों को इसलिए हम पढ़ने भेजते है? यह गंभीर विषय है कार्यवाही रोककर चर्चा कराए.

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि पूरा देश आज के समय में ऐप्सिटन फाइल को देखकर तकलीफ में है. प्रासंगिक रूप से बच्चियों के साथ गलत कृत्य को छुपाया जाना शर्मनाक हुआ इसमें चर्चा करना आवश्यक है.

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि पोटा केबिन में घटनाएं अभी की नहीं है, सालों से चली आ रही हैं. अभी तो रेप का मामला आया है. बच्चियों की अचानक मौत हो जाती है, बाद में बीमारी को उनको मौत की वजह बताई जाती है. ना डॉक्टर, ना रहने की व्यवस्था. आप इस पर पूरी तरह से विचार कर ले और इस पर चर्चा कराए.

इस पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि विपक्ष का आरोप निराधार है, किसी आरोपी को नहीं बचाया जा रहा है. तीनों बच्चियां वर्तमान में पोटा केबिन में नहीं पढ़ती. तीनों बच्चियों और परिजनों ने जवाब दिया है कि स्वयं से वह आना-जाना करते हैं. ऐसी कोई दुर्घटना में सरकार लीपापोती नहीं करती है. ऐसी कोई घटना होती है. तो सरकार कार्रवाई करती है. विपक्ष के आरोपों को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि पोटा केबिन कलेक्टर के देख-रेख में चलती है. प्रशासन की हमेशा नजर बनी रहती है. वहीं सदन में चर्चा की मांग पर उन्होंने कहा कि बड़ी दुर्घटना घटी है, मामला संदिग्ध है. स्थानीय कलेक्टर के निर्देश पर जांच चल रही है. जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई करेंगे. इसके साथ ही आसंदी ने स्थगन की सूचना को अग्राह्य करने पर विपक्ष ने बहिर्गमन किया.

### जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंत्री को घेरा





बजट सत्र के 11वें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर संभाग के भवन विहिन और जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिंता जताई. इस पर महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जल्द ही सारी व्यवस्था पूरी करने का आश्वासन दिया. कांग्रेस के विधायक लखेश्वर बघेल ने सवाल किया कि बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में अद्यतन स्थिति में कुल संचालित आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की जिलेवार संख्या बताएं? इसके साथ कुल संचालित केन्द्रों में से भवनयुक्त, भवनविहीन, अत्यंत ही जर्जर, जर्जर भवन की संख्या के साथ पेयजल व शौचालय की उपलब्धता की स्थिति भी बताएं? महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में कुल 9876 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं. वहीं एक भी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं है. संभाग में कुल संचालित 9876 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 7667 केन्द्र भवनयुक्त, 2209 केन्द्र भवन विहीन और 962 भवन जर्जर हैं. 6431 केन्द्र में पेयजल व 5632 केन्द्र में शौचालय उपलब्ध है.

## अमानक चावल पर घिरे खाद्य मंत्री

### जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉकआउट

**रायपुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के 11वें दिन विपक्ष ने अमानक चावल के मुद्दे पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को घेरा. विपक्ष ने गबड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की. खाद्य मंत्री से संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर विपक्ष ने वॉकआउट किया.

प्रश्नकाल के दौरान विधायक रामकुमार यादव ने कृषि साख समितियों के प्रासंगिक व्यय की राशि पर रोक का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि धान के उठाव को रोक दिया गया है, जिसकी वजह किसानों को बहुत तकलीफहोती है. इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि रिसाइक्लिंग की वजह से धान को रोका गया था.

विधायक रामकुमार यादव ने सवाल किया कि जब धान का उठाव नहीं होता है तो पानी गिरने की वजह से धान खराब हो जाता है. आप स्वयं कहा रहे है कि आपने उठाव को रोका है. सक्ती जिले में 30 करोड़ रुपए का धान चूहे खा गए. क्या खाद्य अधिकारी के ऊपर कार्यवाही करेंगे? इस पर मंत्री ने कहा कि सक्ति जिले में 47.41 क्विंटल धान की खरीदी की गई है. उठाव के लिए बस 3.61 लाख धान बचा है.

विधायक ने फिर दोहराया कि जिन धान को चूहें खा गए, उसमें जो भी संबंधित दोषी अधिकारी है उस पर कार्यवाही करेंगे क्या? इस पर मंत्री ने कहा कि मार्च से पहले धान का उठाव कर लेंगे. नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने दखल देते





हुए कहा कि रिसाइक्लिंग होने की सूचना विभाग के संज्ञान में है क्या. किन-किन स्थानों पर आई? 17 तारीख को आपने धान खरीदी बंद करवा दी, क्योंकि रिसाइक्लिंग हो रहा है. लेकिन असली परेशानी तो रिसाइक्लिंग होने के बाद ही है.

इस पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि 17 तारीख को धान खरीदी की बात मैने नहीं की, मैने उठाव की बात की है. विधायक ने कहा कि जो सक्ती में जो प्रकरण आया है उसके दोषी के साथ आप पूरे प्रदेश को आश्वस्त करिए कि कंप्यूटर ऑपरेटर और संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही करेंगे. इस पर मंत्री ने कहा कि मार्च से पहले उठाव हो जाएगा.

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप साफ लिख दीजिए कि किसे कितना पैसा दिया जा रहा है, ताकि किसानों को स्पष्ट रहे, उन्हें जानकारी हो. आसंदी ने कहा कि आप कुछ ऐसा चस्पा कर दे कि किसानों को कितना पैसा दिया जा रहा है उन्हें पता हो, क्षति ना हो. इस पर मंत्री ने बोर्ड लगाने का आश्वासन दिया.

## संक्षेप

### फ्रिज फटने से लगी आग में महिला की जलकर मौत

**बिलासपुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। एक घर में फ्रिज में हुए अचानक ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। वहीं आग की चपेट में आने से घर में अकेली मौजूद एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, 57 वर्षीय जया अग्रवाल लिंगियाडीह स्थित साईं मंदिर के पीछे रहती थीं। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले उनके भाई का निधन हो गया था। जया अग्रवाल अपने मुंहबोले वकील भाई के साथ रहती थीं, जबकि उनका परिवार बेंगलुरु में रहता है। रविवार देर रात अचानक घर में रखे फ्रिज में जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद घर में आग लग गई। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घबरा गए और घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने देखा कि गली के एक मकान से आग की लपटें उठ रही हैं। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पार्षद की मदद से बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की।

### मजदूर ने एयर ब्लोअर से साथी के पेट में भर दी हवा, हालत गंभीर

**आरंग, 16 मार्च।** आरंग थाना क्षेत्र के रसनी स्थित एक सॉल्वेंट प्लांट में नाइट शिफ्ट के दौरान दो मजदूरों के बीच हुए हल्के नोक-झोक के बाद गुस्साए। एक मजदूर में दूसरे के पेट में एयर ब्लोअर से हवा भर दी इसके बाद मजदूर की तबीयत गंभीर रूप से खराब हो गया जिसे आनंद-फानन आनंद में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया मजदूर की तबीयत को देखते हुए उसका इलाज महासमुंद के निजी अस्पताल में चल रहा है बताया जा रहा है कि एयर ब्लोअर से हवा भरने से उसके आंतों में सूजन और पेट में संक्रमण हो गया है। घटना 11 मार्च की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्लांट में नाइट शिफ्ट के दौरान आरोपी मोती साहू एयर ब्लोअर मशीन से काम कर रहा था और पीड़ित मजदूर काम की तैयारी के लिए अपने कपड़े बदल रहा था तभी किसी बात को लेकर दोनों में नोक झोक हो गई। इसके बाद गुस्सा आए मोती साहू ने पीड़ित के मलद्वार से एयर ब्लोअर से हवा भर दिया। घटना के बाद पीड़ित मजदूर वहीं गिर गया जिसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। मामले में आरंग पुलिस ने आरोपी मोती के विरुद्ध बीएनएस की धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

### हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ा ग्रामीण

**रायपुर, 16 मार्च।** सिलतरा औद्योगिक इलाके में सोमवार को एक ग्रामीण हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। सोंडरा गांव के रहने वाले किशन लाल निषाद ने फॉर्चून मेटल प्राइवेट लिमिटेड पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। उसने अपनी जमीन को भू-माफिया और कंपनी के कब्जे से छुड़ाने की मांग की है। किशन लाल निषाद का आरोप है कि, उसकी पुश्तैनी जमीन पिछले 12 साल से फॉर्चून मेटल प्राइवेट लिमिटेड के अवैध कब्जे में है। वह पिछले एक दशक से अधिक समय से शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। सिस्टम की बेरुखी से तंग आकर आज सुबह उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए सिलतरा चौकी इलाके में स्थित हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने किशन को टावर पर चढ़े देखा। सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार और धरसीवां थाना पुलिस का भारी बल मौके पर पहुंचा। हादसे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत पूरे इलाके की बिजली सप्लाई कटवा दी है। नीचे खड़े अधिकारी लाउडस्पीकर के जरिए किशन लाल को नीचे उतरने की अपील कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीण अपनी जमीन को तत्काल मुक्त करने की लिखित गारंटी की मांग पर अड़ा हुआ है।

## ब्लैकमेल से परेशान नाबालिग ने की थी नृत्य शिक्षक की हत्या

**कवर्धा, 16 मार्च।** कबीरधाम पुलिस को चर्चित सत्यमदास मानिकपुरी हत्याकांड में बड़ी सफलता मिली है। लगभग 56 दिनों तक चली गहन जांच के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए एक विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया है। 17 जनवरी 2026 को कवर्धा के लालपुर नर्सरी के पीछे सड़क पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें युवक के गले पर चाकू से वार कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय सत्यमदास मानिकपुरी निवासी वार्ड नंबर 26, घोठिया रोड कवर्धा के रूप में हुई, जो पेशे से डांस शिक्षक था और पांडातराई क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बच्चों को नृत्य सिखाता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए धर्मेन्द्र सिंह (पुलिस अधीक्षक कबीरधाम) के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 5 हजार मोबाइल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण किया तथा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की। इसके अलावा 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई और कई संदिग्धों से भी गहन पूछताछ की गई। तकनीकी जांच और सोशल मीडिया गतिविधियों



के विश्लेषण के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर संदेह एक नाबालिग बालक पर गया। पूछताछ में उसने बताया कि मृतक द्वारा उसे बार-बार ब्लैकमेल किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, स्कूटी, खून से सने कपड़े तथा नदी में फेंका गया मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर नाबालिग बालक को विधिवत अभिरक्षा में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे मामले के खुलासे में थाना कोतवाली, साइबर टीम और पुलिस के कई अधिकारियों एवं जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

**भुवनेश्वर, 16 मार्च।** ओडिशा के प्रतिष्ठित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में सोमवार तड़के करीब 3:00 बजे भीषण आग लग गई। इस दुखद हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से अधिकांश ट्रॉमा केयर में भर्ती मरीज थे। बचाव कार्य के दौरान अस्पताल के 11 कर्मचारी भी झुलस गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के कटक में ओडिशा सरकार द्वारा संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में भीषण आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मरीजों को सुरक्षित निकालने की कोशिश में अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। खबरों के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 3:00 बजे हुई, जब अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग की पहली मंजिल पर अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि मरने वालों में ज़्यादातर वे मरीज थे जो ट्रॉमा केयर आईसीयू में भर्ती थे।

**मरीजों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया:** आग लगते ही, अस्पताल का फायर सेफ्टी सिस्टम एक्टिवेट हो गया और अस्पताल के अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया और 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर तुरंत तीन दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए अथक प्रयास किया। इस दौरान अस्पताल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मरीजों के परिजन घबराकर इधर-उधर भागने लगे। हालात को देखते हुए, अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने अस्पताल के कर्मचारियों, पुलिस और मरीजों के तीमारदारों के साथ मिलकर आईसीयू में इलाज करा रहे मरीजों को बचाया और उन्हें एससीबी अस्पताल के दूसरे विभागों में शिफ्ट कर दिया; एससीबी अस्पताल ओडिशा की एक प्रमुख सरकारी चिकित्सा सुविधा है।

## भाजपा पार्षद पर जानलेवा हमला

**बालोद, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से भाजपा पार्षद पर जानलेवा हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वार्ड की समस्या नहीं सुनने की बात को लेकर तीन युवकों ने पार्षद और उनके दोस्त की बीच रास्ते में रोककर बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में पार्षद के नाक, आंख, गाल और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। यह मामला दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 7 टीचर कॉलोनी राजहरा निवासी पार्षद वीरेन्द्र साहू अपने दोस्त हेमंत नेताम के साथ 11 मार्च की रात एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान टीचर कॉलोनी ग्राउंड के पास तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने वार्ड की समस्याओं का निराकरण नहीं करने की बात कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों और हाथ में पहने स्टील के कड़े (चूड़ा) से मारपीट की, जिससे पार्षद के नाक, आंख और गाल सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। इतना ही नहीं आरोपियों ने गमछे से पार्षद का गला दबाकर जान से मारने की भी कोशिश की। घटना के बाद घायल पार्षद और उनके दोस्त को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## रसोई गैस किल्लत, होटल और स्ट्रीट फूड कारोबार पर संकट

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत में एलपीजी संकट की स्थिति ने देशभर में आम लोगों से लेकर उद्योगों तक को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। हालांकि सरकार द्वारा घबराहट में की जा रही बुकिंग को रोकने के लिए चलाए गए अभियान का असर अब दिखने लगा है, लेकिन गैस आपूर्ति को लेकर चिंता अभी भी बनी हुई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, हाल के दिनों में एलपीजी सिलिंडर की घबराहट में की जा रही बुकिंग में कमी आई है। शुक्रवार को जहां घरेलू एलपीजी की बुकिंग करीब अठासी लाख अस्सी हजार तक पहुंच गई थी, वहीं शनिवार को यह घटकर लगभग सतहत्तर लाख रह गई। सरकार का कहना है कि लोगों से अनावश्यक बुकिंग नहीं करने की अपील का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है।

इसी के साथ ऑनलाइन बुकिंग में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पहले जहां लगभग चौरासी प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हो रही थी, वहीं अब यह बढ़कर करीब सत्तासी प्रतिशत हो गई है। हम आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों में अत्यधिक कॉल आने के कारण बुकिंग व्यवस्था प्रभावित हो गई थी और कई उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा था। हालांकि मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में किसी भी गैस वितरक के पास पूरी तरह गैस खत्म होने की स्थिति सामने नहीं आई है और नियमित आपूर्ति बनाए रखने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

## ट्रंप का बड़ा दावा- ईरान की सैन्य क्षमता खत्म, अब समझौता करना चाहता है

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के तीसरे सप्ताह में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रंप ने ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर फिर हमले की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान समझौते के संकेत दे रहा है, लेकिन उसकी शर्तें अभी अमेरिका के लिए स्वीकार्य नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी हमलों ने खार्ग द्वीप के बड़े हिस्से को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है और जरूरत पड़ी तो वहां फिर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तत्काल युद्धविराम की संभावना से इन्कार करते हुए कहा कि अभी दबाव बनाए रखना जरूरी है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान की मिसाइल, ड्रोन निर्माण क्षमता और सैन्य ढांचे को गंभीर क्षति पहुंची है। फॉक्स न्यूज रेडियो से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना लगभग निष्क्रिय हो चुकी है, वायुसेना कमजोर पड़ गई है और सैन्य नेतृत्व लगातार दबाव में है। उनके अनुसार अमेरिकी कार्रवाई तय समय से आगे बढ़ चुकी है।

**होर्मुज जलमार्ग पर वैश्विक दबाव बढ़ा:** ट्रंप ने चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया से होर्मुज जलमार्ग को सुरक्षित रखने के लिए युद्धपोत भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिन देशों की ऊर्जा आपूर्ति इस समुद्री मार्ग पर निर्भर है, उन्हें इसकी सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जापान, फ्रांस, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने इस दिशा में विकल्पों की समीक्षा शुरू कर दी है। ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री ने संकेत दिया कि सहयोगी देशों के साथ मिलकर समुद्री सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर चर्चा चल रही है।

### दुबई एयरपोर्ट के पास ईरान का ड्रोन अटैक

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** मिडिल ईस्ट में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका और इजरायल अपने हमले ईरान पर जारी रखे हुए हैं तो ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन से अटैक कर रहा है। सोमवार तड़के ईरान ने दुबई एयरपोर्ट के पास ड्रोन से अटैक किया। ईरान द्वारा किए गए दुबई एयरपोर्ट के पास हुए हमले से एक फ्यूल टैंक में आग लग गई। एहतियात के तौर पर अस्थायी रूप से उड़ानों को सस्पेंड कर दिया गया है। इस बीच कोच्चि एयरपोर्ट से दुबई के लिए उड़ान भरने के बाद विमान को वापस लौटने का निर्देश दिया गया।

**कोच्चि से रवाना हुई थी फ्लाइट:** दरअसल, फ्लाइट EK533 आज सुबह 4:30 बजे कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अमीरात की एक फ्लाइट 325 यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी, लेकिन दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अचानक बंद होने के कारण उसे वापस लौटने का निर्देश दिया गया।

## कंवर की शिकायत पर राष्ट्रीय अजजा आयोग ने सीएस को जारी किया नोटिस

**रायपुर, 16 मार्च।** भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिया है. पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने फ्लोरामैक्स कंपनी के नाम का उपयोग कर 40,000 से अधिक महिलाओं से अरबों रुपए की ठगी की शिकायत की थी. इस पर कोरबा के तत्कालीन कलेक्टर अजीत बसंत के द्वारा शासन सहित आयोग को



गलत जानकारी देने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मुख्य सचिव से जवाब मांगा गया था. इस पर आयोग ने 16 अक्टूबर 2025 को सिटिंग कार्यवाही करते हुए मुख्य सचिव को फ्लोरामैक्स मामले में पीडितों की शिकायत पर कार्यवाही करने कहा था, लेकिन 30 दिन बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार ने कार्यवाही कर किसी प्रकार के कोई सूचना प्रेषित नहीं की है. इस संबंध में आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर 17 मार्च को मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देश दिए गए हैं. ननकीराम कंवर ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि केंद्र के मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हजारों महिलाओं से ठगी कर योजना को फ्लाप करने की मंशा रखने वाले कोरबा जिले के संबंधित दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए.

### भारत में 'पैसिव यूथेनेशिया' का पहला ऐतिहासिक मामला

## हरीश राणा को परिवार ने दी अंतिम विदाई

**गाजियाबाद, 16 मार्च।** सोशल मीडिया पर एक हृदयविदारक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 32 वर्षीय हरीश राणा का परिवार उन्हें अंतिम विदाई दे रहा है। यह विदाई साधारण नहीं है; यह एक ऐसी विदाई है जो 13 साल के लंबे इंतजार, कोमा की यंत्रणा और कानूनी लड़ाई के बाद मिली है। सोशल मीडिया पर एक हृदयविदारक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 32 वर्षीय हरीश राणा का परिवार उन्हें अंतिम विदाई दे रहा है। यह विदाई साधारण नहीं है; यह एक ऐसी विदाई है जो 13 साल के लंबे इंतजार, कोमा की यंत्रणा और कानूनी लड़ाई के बाद मिली है। हरीश को अब दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पैलिएटिव केयर यूनिट में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहाँ वे आने वाले हफ्तों में 'चिकित्सकीय



निगरानी' के तहत अंतिम सांस लेंगे। वीडियो में हरीश को अपनी पलकें झपकाते और घूंट भरते देखा जा सकता है। पिछले 13 सालों में वह बस यही दो हरकतें कर पाए हैं। एक हादसे में गिरने से उनके दिमाग़ को गंभीर और ठीक न होने वाला नुकसान पहुँचा था।

वीडियो में एक ब्रह्मा कुमारी बहन को उदास मुस्कान के साथ उनके माथे पर प्यार से हाथ फेरते हुए भी दिखाया गया है, जबकि उनकी मज़बूत माँ पीछे से चुपचाप देख रही हैं। वीडियो में ब्रह्मा कुमारी लवली कहती हैं, सबको माफ़ करते हुए, सबसे माफ़ी माँगते हुए, तुम जाओ। कुमारी लवली का जुड़ाव 'प्रभु मिलन भवन' से है, जो गाज़ियाबाद में ब्रह्मा कुमारी का एक केंद्र है। राणा परिवार लंबे समय से ब्रह्मा कुमारी आंदोलन से जुड़ा रहा है। यह महिलाओं द्वारा चलाया जाने वाला एक आध्यात्मिक संगठन है, जिसकी स्थापना 1937 में हुई थी और इसका मुख्यालय माउंट आबू में है। यह पल सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरीश राणा को गरिमा के साथ मरने की अनुमति दिए जाने के कुछ दिनों बाद आया है। यह भारत में 'पैसिव यूथेनेशिया' (इच्छा-मृत्यु) का पहला ऐतिहासिक मामला है, जिसमें कोर्ट ने आदेश दिया है। कोर्ट ने डॉक्टरों की इस राय को माना कि राणा कभी ठीक नहीं हो पाएँगे। साथ ही, कोर्ट ने यह भी माना कि जिन नली (ट्यूब) के ज़रिए उन्हें खाना दिया जा रहा है और उन्हें ज़िंदा रखा जा रहा है, वे सिर्फ़ उनके दर्द को बढ़ा रही हैं।

## उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम ने ओडिशा में दी दबिश, भरमार बंदूक के साथ 5 गिरफ्तार



गरियाबंद। वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम बेहद आक्रामक नजर आ रही है। टीम ने ओडिशा सीमा के भीतर घुसकर 5 शिकारियों को गिरफ्तार किया है, जो तीर-धनुष और गुलेल के जरिए उड़न गिलहरी और कोटरी जैसे दुर्लभ वन्यजीवों का शिकार कर रहे थे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण पाण्डे और क्षेत्र संचालक सतोविशा समाजदार के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। उप निदेशक वरुण जैन ने बताया कि इंदागांव (घुरवागुड़ी) बफर के पीपलखूंटा बीट में गश्त के दौरान ओडिशा के नवरंगपुर जिले से आए शिकारियों का पता चला। पुलिस की टीम ने चमरु कमार (ग्राम-अछला, ओडिशा), मनीराम पारधी (ग्राम-अछला, ओडिशा), गुड्डू कमार (ग्राम-अछला, ओडिशा), लखमु पारधी (ग्राम-अछला, ओडिशा), हिरासिंग कमार (ग्राम-कोलिहाडबरी, ओडिशा) को भरमार बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है।

# समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत : ताम्रध्वज साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,16 मार्च।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में भक्त माता कर्मा जी की जयंती में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू रविवार को ग्राम नगपुरा, निकुम, कोनारी, कुथरेल, पोटिया, धनोरा, हनोदा एवं नगर पंचायत उतई में ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती समारोह में शामिल होकर माँ कर्मा की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना किया।

अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सभी समाज मिलकर काम करें तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। उन्होंने कहा कि समाज को एक दूसरे समाज से सीखने की प्रवृत्ति होनी चाहिए।जहां भी सीखने का अवसर मिले तो समाज को अपनाना चाहिए । उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए रास्ते पर अनुसरण करने से समाज का विकास सुनिश्चित है। आगे बताया की माँ कर्मा जयंती पापमोचनी एकादशी पर हर घर में घी का दीपक जरूर जलाएं, क्योंकि यह दिन पापों से मुक्ति और भगवान विष्णु की कृपा पाने का विशेष अवसर प्राप्त होता है। समाज संगठन की मजबूती की दिशा में कार्य किया जाए। समाज के रूढ़िवादी, आडम्बर और परम्परा को भी जड़ से समूल नष्ट करने की आवश्यकता है। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के साथ बेटियों की सुरक्षा और सम्मान करना चाहिये। हमें संगठित होकर कार्य करना है। समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। साहू समाज को कैसे मजबूत करना है इस पर हमेशा विचार करना चाहिए। समाज में नया योजना बनाकर आज शिक्षा और नौकरी के साथ लोगो को एक अच्छा इंसान बनने की जरूरत भी है। आपस मे भाई चारा बना कर और सदभाव से रहना ही सच्ची समरसता है।

इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष गण,तहसील अध्यक्ष, परिक्षेत्र अध्यक्ष गण सहित समाजिक भाई बहन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## एक नजर

### भाजपा नेता के भाई से आरक्षकों ने बदसलूकी की



**भिलाई, 16 मार्च (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास खड़े भाजपा नेता के भाई के साथ दो आरक्षकों पर बदसलूकी और मारपीट किए जाने का आरोप लगा है वीडियो वायरल होने के बाद दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने संज्ञान लेते हुए दोनों आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है साथ ही पूरे मामले की जांच दुर्ग पुलिस लाइन डीएसपी लाइन को सौंप दी गई है मिली जानकारी के अनुसार नागेश साहू अपने व्यापारिक काम से भिलाई आए हुए थे वह पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास अपने कुछ साथियों के साथ खड़े थे इसी दौरान छावनी थाने में पदस्थ दो कॉन्स्टेबल राकेश चौधरी और एक अन्य आरक्षक वहां पहुंचे और अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को हटाने लगे बताया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही अधिकांश लोग वहां से हट गए, लेकिन नागेश साहू और उनके कुछ साथी वहीं खड़े रहे आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर कॉन्स्टेबल राकेश चौधरी ने बंदूक को उल्टा कर उसके बट से नागेश साहू को मारा और कॉलर पकड़कर पीछे धकेल दिया घटना के दौरान अन्य लोगों से पुलिसकर्मियों को हाथ मिलाते हुए भी देखा गया बताया जाता है कि नागेश साहू भाजपा किसान मोर्चा राजनांदगांव के जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू के छोटे भाई हैं ।

### डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि मेले के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्था

**भिलाई, 16 मार्च।** माँ बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की गई हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुँचते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि मेला 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

# बाबा दरबार में नवरात्रि पर्व में सुरेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सुफी गायक का कार्यक्रम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,16 मार्च।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 19 मार्च से नवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि ज्योति शुल्क 751 रुपए रखा गया है जो भी भक्त गण दरबार में ज्योति जलवाने इच्छुक हैं वे संपर्क कर सकते हैं गुलाब किराना स्टोर धनोरा दुर्ग में 19 मार्च को दोपहर 12 बजे से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके घटस्थापना करके ज्योति प्रज्वलित करें गे इस बार दरबार में नवरात्रि पर्व पर अपना कार्यक्रम देगे अंतरराष्ट्रीय सुफी भजन गायक श्री सुरेश ठाकुर एवं पुर्णिमा साहू के मंडली द्वारा जस गीत भजन प्रस्तुत किया जाएगा एवं हर रोज रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक गुलाब साहू हेमंत साहू भजन गायक के मंडली द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम होगा इस बार हनुमान प्रकटोत्सव विशेष झांकी के साथ शाम 4 बजे से दरबार से निकल कर गली भ्रमण किया जाएगा एवं शाम 4 बजे से कुंज लाल साहू जी के द्वारा खिचड़ी प्रसाद हलुआ का वितरण किया जाएगा महावीर उद्यान पर एवं रात्रि 10 बजे से दरबार के सामने सार्वजनिक मंच पर श्री राधा कृष्ण नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम होगा अतः श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठा यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी

## महंगाई, नशाखोरी और मनरेगा मुद्दे पर ग्रामीण कांग्रेस की बैठक



**भिलाई, 16 मार्च।** रविवार को दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस की बैठक भिलाई में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश और जिले में बढ़ती नशाखोरी, अपराध, मनरेगा बचाओ अभियान तथा बढ़ती महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में इन विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए संगठन को मजबूत करने और जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, निर्मल कोसरे, प्रभारी नवाज खान, जिला महामंत्री राम सूर्यवंशी, जिला महामंत्री जवाहर यादव तथा ब्लॉक अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने हॉटस्पाट का निरीक्षण कर सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 मार्च।** जामगांव आर क्षेत्र में ग्राम किकिरमेटा, बेल्हारी, कुम्हली एवं पौहा में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चिन्हांकित एक्सीडेंट हॉट स्पॉट का दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने निरीक्षण किया सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों के पालन के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्ष थाना जामगांव आर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं होने तथा दुर्घटनाओं में ग्रामीणों की आकस्मिक मौत होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए चिन्हांकित दुर्घटना संभावित स्थलों का आज निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान ग्राम किकिरमेटा, बेल्हारी, कुम्हली एवं पौहा क्षेत्र में स्थित सड़कों का अवलोकन कर दुर्घटना संभावित स्थानों को एक्सीडेंट हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान दुर्घटना संभावित स्थलों पर निम्न आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थानों पर चेतावनी एवं सूचना संकेतक बोर्ड स्थापित करने, तेज गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर/रंबल स्ट्रिप्स लगाए, अंधे मोड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर रिफ्लेक्टर, कैट आई एवं चेतावनी चिन्ह लगाने के अलावा रात्रि के समय दृश्यता बढ़ाने के लिए आवश्यक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सड़क किनारे अवरोध, झाड़ियों अथवा दृश्यता बाधित करने वाले तत्वों को हटाने और पुलिस द्वारा नियमित पेट्रोलिंग एवं यातायात जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणिशंकर चन्द्रा, पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा, थाना प्रभारी जामगांव आर एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित थे

# महापंचायत में सवर्ण समाज ने नए यूजीसी एक्ट-2026 का विरोध किया और राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 16 मार्च।** कवर्धा में नए यूजीसी एक्ट 2026 के विरोध में सवर्ण समाज की महापंचायत में महापंचायत में सवर्ण समाज के करीब 15 प्रमुख समाजों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।.महापंचायत में उपस्थित ब्राह्मण समाज, राजपूत समाज, जैन समाज, गुप्ता समाज, अग्रवाल समाज, केसरवानी समाज, ठाकुर समाज, माहेश्वरी समाज, सिंधी समाज, सिक्ख समाज के साथ साथ अन्य सवर्ण समाज प्रमुखों और वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए यूजीसी एक्ट 2026 का कड़ा विरोध करते हुए इसे सवर्ण समाज के विद्यार्थियों के शिक्षा अधिकारों के लिए नुकसानदायक बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह कानून शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्ती लागू किया जा रहा है और इससे समाज के युवाओं के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने इस कानून को काला कानून बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।सभा के दौरान समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने मंच से अपने विचार रखे और कहा कि सरकार को किसी भी नए शिक्षा कानून को लागू करने से पहले सभी वर्गों और समाजों से व्यापक चर्चा करनी चाहिए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।महापंचायत के बाद सवर्ण समाज के लोगों ने शहर में रैली निकाली। रैली गांधी मैदान से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिग्नल चौक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में यूजीसी कानून रद्द करो, त्रष्ट ऋभ्द्यद्यड्ढड्डष्ध्र, सभी वर्गों के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो, स्वर्ण समाज के साथ भेदभाव बंद करो जैसे नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर नए यूजीसी एक्ट के विरोध में नारे लगाते हुए आगे बढ़े। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में यूजीसी कानून रद्द करो, सभी वर्गों के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो, स्वर्ण समाज के साथ भेदभाव बंद करो जैसे नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर नए यूजीसी एक्ट के विरोध में नारे लगाते हुए आगे बढ़े। विरोध प्रदर्शन में कवर्धा जिले के कवर्धा,पंडरिया, सहसपुर लोहारा एवं बोड़ला ब्लॉक के स्वर्ण समाज के प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, नारी शक्ति, युवा वर्ग एवं विद्यार्थियों भी भारी संख्या में उपस्थित थे। महापंचायत और रैली के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की भी तैनाती की गई थी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन समाज के लोगों ने सरकार से जल्द इस विषय पर निर्णय लेने की मांग की है। रैली के समापन पर प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए केंद्र सरकार से नए यूजीसी एक्ट 2026 को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो सवर्ण समाज द्वारा प्रदेश और देश स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## मीसाबंदी रामगुलाम से शर्मा की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई बातचीत



**भिलाई, 16 मार्च।** समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के प्रांतीय अध्यक्ष आर पी शर्मा ने जनता पार्टी के संघर्ष के दिनों के पुराने नेता और मीसा बंदी रामगुलाम ठाकुर से उनके रायपुर स्थित निवास पर वर्षों बाद मुलाकात की। शर्मा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करने का अवसर मिला। बातचीत में जनता पार्टी के संघर्ष के दिनों, पार्टी विभाजन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान रामगुलाम ठाकुर ने देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही छत्तीसगढ़ के निर्माण और विकास से जुड़े मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रदेशों से आए वे लोग, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को अपनी कर्मभूमि बना लिया है, वे सभी छत्तीसगढ़िया ही हैं। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे लोग संघर्षशील होते हैं और आजीविका की तलाश में दूसरे प्रदेशों में जाकर अपनी नई कर्मभूमि बनाते हैं।

# मिनी माता सतनामी समाज सहित सभी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत: दिवाकर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की आराध्य ममतामयी मिनीमाता की जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम डुमरडीह उतई मिनीमाता चौक में स्थित मिनीमाता की मूर्ति पर दिवाकर गायकवाड़ के नेतृत्व में सतनामी समाज एवं अन्य समाज के लोगो की उपस्थिति में ममतामयी मिनीमाता की मूर्ति पर माल्यार्पण करके पूजा अर्चना कर मनाया गया

इस अवसर पर मिनीमाता को याद करते हुए आदरणीय दिवाकर गायकवाड़ ने कहा कि मिनीमाता केवल सतनामी समाज की नही बल्कि सभी समाज की के लिए प्रेरणा की स्त्रोत थी वह ऐसे समय मे सांसद बानी जब महिलाओं को घर से निकलना मुश्किल था वह महिलाओं के हक अधिकार के लिए हमेशा लड़ती रही ऐसी ममतामयी मिनीमाता का आज हमे जयंती मनाते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रहा है।हम लोगो को उनके आदर्शों ,उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद रखना चाहिए इस अवसर पर नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू,पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा,तोषण साहू,भगवत बंजारे,जे.आर. सोनवानी ,सुरेश बंजारे,सत्यप्रकाश कौशिक,लोकेश जोशी,ओमकार चतुर्वेदी,संजू बाबा,मुकेश साहू,टीकम ,कमलेश जोशी, नारायण गायकवाड़, तुलसी कोसरे,छगनलाल देशलहरे,शिव जांगड़े,दुर्जन देशलहरे है।

## दपूमरे में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम शुरू

**भिलाई, 16 मार्च।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत भिलाई स्थित पी.पी. यार्ड में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना और कमीशनिंग की गई है। यह एआई आधारित प्रणाली मशीन लर्निंग तकनीक के माध्यम से वैगनों में होने वाली विभिन्न प्रकार की क्षतियों की पहचान करती है। इसके जरिए डोर की कमी, क्षतिग्रस्त दरवाजे, अवशिष्ट माल (रेजिडुअल कंसाइनमेंट), फर्श की शीट का अभाव तथा बॉडी पैनल की कमी जैसे दोषों का स्वतः पता लगाया जा सकता है। किसी भी रेक के यार्ड में प्रवेश करने और सिस्टम से गुजरने के बाद यह प्रणाली स्वचालित रूप से प्रत्येक वैगन नंबर के साथ चिन्हित दोषों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देती है। इस प्रणाली में छह उच्च गुणवत्ता वाले हाई-डेफिनिशन मशीन विजन कैमरे, विशेष प्रकाश स्त्रोत तथा एक समर्पित सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों द्वारा प्राप्त चित्रों और संकेतों को सर्वर पर प्रोसेस कर विश्लेषण किया जाता है, जिसके आधार पर प्रत्येक वैगन की स्थिति की सटीक रिपोर्ट तैयार होती है। यह एआई प्रणाली पारंपरिक निरीक्षण प्रक्रिया से पहले ही वैगनों में संभावित क्षतियों की जानकारी उपलब्ध करा देती है। इससे यार्ड परीक्षण के दौरान दोषों की पहचान, मरम्मत की योजना और आवश्यक सुधार कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने में मदद मिलती है। साथ ही यह प्रणाली सेल्फ-लर्निंग तकनीक पर आधारित है, जिससे समय के साथ इसकी सटीकता और कार्यक्षमता में निरंतर सुधार होता रहता है।

## समाचार संक्षेप

### सरकार शराबबंदी जितनी जल्दी करेगी उतना अच्छा होगा , कवर्धावासियों की राय



**कवर्धा, 16 मार्च (तछसं.)।** कवर्धा में . एडवोकेट प्रकाश चंद्रवंशी , कृष्णा सिन्हा, डॉक्टर शिशिर कांत शुक्ला , विजय वर्थ वाल , राम किशोर यादव , सुभाष बोथरा ने कहा की शराब बंदी पर सरकार को विचार करना चाहिए क्योंकि शराब पीने से लीवर , फेफड़ा खराब होता है । एडवोकेट प्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की सरकार को जल्द से जल्द शराब बंद करना चाहिए क्योंकि युवाओं में शराब पीने ओर नशा करने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है। व्यापारी शांति लाल साहू ने कहा की युवाओं को नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए और वरिष्ठ पत्रकार भरत लाल साहू ने कहा की नशा करने से बहुत सारी बीमारियां होती है परिवार में झगड़े होते है इसलिए शराब बंदी जितनी जल्दी होगी उतना अच्छा होगा । अधिकतर पढ़ी लिखी महिलाओं , छात्राओं की भी राय है की शराब बंदी करना सरकार का उचित फैसला रहेगा ।

### भाजपा नेता से मारपीट के मामले में पार्किंग कर्मचारी और ऑटो चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 16 मार्च (तछसं.)।** दुर्ग रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी एक कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता कैंप क्षेत्र के निवासी शंभूनाथ अपनी कार लेकर दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे थे बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी कार दुर्ग स्टेशन परिसर में पार्किंग कर्मचारियों को ऑटो चालक ने कार में तोड़फोड़ कर दी कार के शीशे और बाडी को नुकसान पहुंचाया गया है जब शंभूनाथ वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी कार क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी है कार के शीशे टूटे हुए थे और वाहन को भी नुकसान पहुंचा था पीड़ित ने इस घटना को लेकर पुलिस से शिकायत की है पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है पार्किंग कर्मचारी और ऑटो चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार मारपीट के मामले में सूरज यादव ( 30 साल ) राजकुमार राव ( 31 साल ) दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस ने दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार इस मामले में दो आरोपी फरार पुलिस जल्द करेगी गिरफ्तार ।

### भारतीय मजदूर संघ ने पदाधिकारियों और महिलाओं का किया सम्मान



**भिलाई, 16 मार्च।** स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ कार्यालय, आकाश गंगा सुपेला में संघ के पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सोनबोईर और विश्वजीत सेनगुप्ता को सेवानिवृत्ति पश्चात भारतीय मजदूर संघ भिलाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। उन्हें गमछा, नारियल और मिठाई देकर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शशिभूषण भूषण मोहंती, महामंत्री रोहित बंजारे, उपाध्यक्ष वामनराव, राज सच्चर, नवीन कुमार साहू, हेमचंद बजारे सहित प्रदेश के पदाधिकारी विष्णु चंद्राकर, श्रीमती रीता चतुर्वेदी, रामवृक्ष यादव, नलनीश मिश्रा, कृष्णा देशमुख, निर्माणी संघ के देवेन्द्र चन्द्राकर, अर्पित द्विवेदी, गिरधर वर्मा, संतोष पाण्डेय, युवराज साहू, हेमंत माझी, महेश वर्मा सहित कर्मचारी महासंघ एवं निर्माणी संघ के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्व समाज कल्याण समिति ने दिव्यांग को भेंट की ट्राइसाइकिल



भिलाई, 16 मार्च। गुरु घासीदास नगर वार्ड-23 निवासी दिव्यांग उमेश कुमार साहू लंबे समय से आवागमन में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। उन्होंने अपनी समस्या सर्व समाज कल्याण समिति के समक्ष रखी, जिस पर समिति ने मानवीय पहल करते हुए उनकी मदद की। स्वर्गीय सोभा सिंह की स्मृति में उनके भाई एवं समिति के सदस्य इंद्रजीत सिंह लिद्दड़ द्वारा सर्व समाज कल्याण समिति को एक ट्राइसाइकिल भेंट की गई। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति में यह ट्राइसाइकिल उमेश कुमार साहू को सौंप दी गई, जिससे उन्हें आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान जसबीर सिंह सैनी, सतनाम सिंह, समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, राम हिंदरिया, डॉ. हरजिंदर सिंह, वाजिद अंसारी, सुनील यादव सहित गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### सांसद विजय बघेल को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं



**भिलाई, 16 मार्च (तछसं.)।** विजय बघेल के जन्मदिन के अवसर पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि तथा दीर्घायु जीवन की कामना की। एसोसिएशन परिवार ने कहा कि विजय बघेल के नेतृत्व और मार्गदर्शन से क्षेत्र के विकास को निरंतर गति मिल रही है।भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की।

## एक नजर

### कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

**बलौदाबाजार 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना सिमगा अंतर्गत भवानी नगर सिमगा निवासी खेमलाल उर्फ़ शिवा सोनकर पिता नारायण सोनकर, सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत भैंसापसरा निवासी राहुल भारती पिता चंद्रशेखर भारती एवं थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत वार्ड नंबर 7 पुरानी बस्ती बलौदाबाजार निवासी विलास चेलक उर्फ़ कानू पिता उदयशंकर चेलक को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख ) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन 18 मार्च को

**बलौदाबाजार 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम, 2024÷ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थापित ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण हेतु उद्?ग्रहित किये जाने वाले प्रभार के निर्धारण का प्रस्ताव पारित कर जल कर का निर्धारण एवं अनुमोदन हेतु 18 मार्च 2026 को जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।। इस सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। विशेष ग्राम सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो इस हेतु वृहद् प्रचार -प्रसार कराने के निर्देश दिये गए है।ग्राम सभा में शत्प्रतिशत् उपस्थितिएवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एव पंचों का होगा।

### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जिले में एचपीवी टीकाकरण का होगा शुभारंभ

**राजनांदगांव 16 मार्च।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर 16 मार्च 2026 से जिले में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ जिला चिकित्सालय राजनांदगांव से किया जाएगा। जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए कुल 32 स्वास्थ्य केन्द्रों को चिन्हांकित किया गया है, जहां लगभग 10 हजार 500 लाभार्थियों को टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) 2022 के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 11.6 लाख महिलाओं में कैंसर के नए मामले पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ऐसी सभी किशोरियां पात्र होंगी, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, किंतु अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में एचपीवी टीकाकरण निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। अभिभावक अपनी पात्र किशोरियों का पंजीकरण युवीन पोर्टल के माध्यम से करा सकते हैं। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण के बाद सामान्यतः हल्का दर्द, सूजन, ललिमा या बुखार जैसे हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं, जो सामान्य रूप से 2 से 3 दिनों में पैरासिटामोल की दवा से ठीक हो जाते हैं। टीकाकरण के बाद लाभार्थियों को 30 मिनट तक ऑब्जर्वेशन रूम में रखा जाएगा, ताकि किसी भी प्रतिकूल प्रभाव का उचित प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और विश्व भर में करोड़ों लोगों को लगाया जा चुका है। टीकाकरण सत्र चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। आयु के प्रमाण के लिए आधार कार्ड या अन्य फोटो पहचान पत्र मान्य होंगे। पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित शपथ पत्र भी मान्य किया जाएगा।

### जगदलपुर नगर निगम के वार्ड-16 में उपचुनाव की घोषणा

**जगदलपुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में रिक्त पदों को भरने की दिशा में कदम उठाते हुए निर्वाचन प्रक्रिया का बिगुल फूंक दिया है। इसी क्रम में बस्तर जिले के अंतर्गत नगर पालिक निगम जगदलपुर के इंदिरा गांधी वार्ड (वार्ड क्रमांक 16) में रिक्त पद के लिए उपचुनाव 2026 की घोषणा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बस्तर द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार इस उपचुनाव के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु 1 अप्रैल 2026 को संदर्भ तिथि निर्धारित किया गया है, जिसके आधार पर ही मतदाताओं की पात्रता तय की जाएगी। निर्वाचन की तैयारियों को गति देते हुए प्रशासन ने दो चरणों में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। प्रथम चरण के अंतर्गत आगामी 23 मार्च 2026 तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों का चयन पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पश्चात विधानसभा की वर्तमान मतदाता सूची से वार्डवार नामों को पृथक करने और सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदाताओं को उनके संबंधित भाग में शिफ्ट करने का कार्य 2 अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तैयारियों के इसी क्रम में 9 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावली का मुद्रण कर इसे संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में 13 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, जिसके बाद आम नागरिक और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल सूची का अवलोकन कर सकेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा 1 6 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी सुहेला एवं नवापारा मंडल का सात सत्रों में एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण हुआ जिसमे कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा सरकार ने जन हित में अनेक कार्य किये है जिसे जनता के बीच जाकर बताना होगा प्रशिक्षण से हम भाजपा के रीति नीति को सीखते है अपने इतिहास को जानते है प्रथम सत्र को संबोधित करते हुएडॉ अजय राव ने कहा कि हमारी पंच निष्ठा ही हमारी ताक़त है देश प्रथम पार्टी द्वितीय स्वंय का हित अंतिम हम सभी इसी भाव से कार्य करते है द्वितीय सत्र में टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि हमे कार्यकर्ता से सतत संपर्क बनाए रखना चाहिए हमे एक परिवार की तरह कार्य करना चाहिए पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने चुनावी मैनेजमेंट पर प्रकाश डालते हुए कहा चुनाव जीतने के लिए सबसे मजबूत कड़ी हमारा बूथ है हमे बूथ में ऐसे कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देना चाहिए जिसकी छबि अच्छी हो बूथ मजबूत तो सब मजबूत चुनाव जीतने के लिए हमे सबसे संपर्क करना चाहिए भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिन्होंने संघर्ष करते हुए 2 सीट से 313 सीट का सफ़र देखा है जनसंघ से हमारी यात्रा सुरु हुई थी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलनी वाली यह पार्टी है जो सिद्धांत लेकर हम 1952 में चले थे वह आज पूरा हो रहा है चाहे वह राम मंदिर का निर्माण हो या कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो सुनील यदु ने पार्टी की संगठनात्मक ढाँचा पर प्रकाश डाला महाबल बघेल ने सोशल मीडिया के आधुनिक एवं सकारात्मक उपयोग पर अपनी बात रखते हुए कहा कि हमे शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक करना चाहिए नकारात्मक बातो का सकारात्मक ढंग से जवाब देना चाहिए इसके पूर्व ध्वजारोहण एवं पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया संचालन सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार एवं आभार नवापारा मंडल अध्यक्ष डॉ दौलत पाल ने किया प्रशिक्षण में शिव कटारिया अदिति बघमार ईशान वैष्णव धनीराम साहू केजू बघेल रामकुमार साहू चैन सिंह जायसवाल तिलक वर्मा संतन बांधे हरिशंकर वर्मा होरीलाल वर्मा मानेश्वरी साहू जामुन बंजारे कीर्ति वर्मा सविता यादव विद्या वर्मा प्रेमलता वर्मा लीली वर्मा नर्मदा साहू कविता वर्मा कुलदीप वर्मा युगल किशोर वर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### परिजन व भीम आर्मी के लोग प्लांट के गेट पर शव को लेकर धरना दिया,आंदोलन किया तब जाकर

# महिला की प्लांट के भीतर मौत के मामले में परिजनों को 11 लाख का मुआवजा दिया







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 1 6 मार्च।** तिल्दा के औद्योगिक क्षेत्र ग्राम खम्हरिया स्थित श्री नाकोड़ा पाइप इंपैक्स प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया है। ग्राम देवगांव निवासी सुनीता धृतलहरे (लगभग 42 वर्ष) की शनिवार को प्लांट के अंदर मौत होने के बाद परिजन और भीम आर्मी संगठन के लोग शव लेकर प्लांट के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए हैं, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार महिला प्लांट के अंदर काम कर रही थी, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की मौत प्लांट के अंदर ही हो गई थी, लेकिन प्लांट प्रबंधन ने पूरे मामले में लापरवाही बरतते हुए परिजनों को लगातार गोलमोल जवाब देकर गुमराह किया। बाद में शव को मेकाहारा रायपुर भेज दिया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया।

#### रात 10:30 बजे तक गेट पर डटे रहे परिजन

घटना की जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। रविवार रात लगभग 10:30 बजे तक मृतिका के परिजन और भीम आर्मी के लोग शव लेकर प्लांट के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठे रहे और प्लांट प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।

#### मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़े परिजन

धरने पर बैठे परिजनों और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने मृतिका के परिवार को उचित मुआवजा देने और उसके बेटों को प्लांट में नौकरी देने की मांग रखी है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

#### मौके पर भारी पुलिस बल तैनात

स्थिति को देखते हुए नेवरा थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर तैनात है। वहीं तिल्दा तहसीलदार रामप्रसाद बघेल भी मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

#### पहले भी विवादों में रहा है संयंत्र

यहां यह बताना भी लाजिमी है कि श्री नाकोड़ा पाइप इंपैक्स प्राइवेट लिमिटेड का विवादों से पुराना नाता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब से यह संयंत्र स्थापित हुआ है, तब से लगातार विवाद और शिकायतें सामने आती रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संयंत्र प्रबंधन की मनमानी के चलते क्षेत्र के लोग लंबे समय से परेशान हैं

#### मृतक के परिवार को दिया ग्यारह लाख का मुआवजा

आखिर कार मृतक महिला श्रमिक के परिवार ओर गांव वाले जब खुल कर विरोध किया तो परिजन को ले देकर भारी मस्कत के बाद 11लाख का चेक ओर 50000हजार नगदी भुगतान किया गया।

# गणेशोत्सव की तर्ज पर मनाया जाएगा चेट्रीचंड्र महोत्सव, घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल



**रायपुर 16 मार्च।** सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेट्रीचंड्र महोत्सव को इस वर्ष गणेशोत्सव की तर्ज पर उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में समाजजनों के बीच भगवान झूलेलाल की मूर्तियों का वितरण किया गया। पंचायत अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया कि समाज के लोग अपने-अपने घरों में पाँच दिनों तक भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। यह संपूर्ण आयोजन गुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी के सानिध्य में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में 20 मार्च को दोपहर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा, वहीं 21 मार्च (शनिवार) को सिंधी गीतों के ऑर्केस्ट्रा का विशेष कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मूर्ति वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील बत्रा, अमित नागदेव, पवन लोहाना, कपिल गेहानी, राकेश माटा, अमित बलवानी, सागर कुकरेजा, चिराग जयसिंघानी, हार्दिक देवानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

### बास्तानार की 34 पंचायतों में जिला प्रशासन की जन चौपाल

**जगदलपुर, 16 मार्च।** बस्तर जिला प्रशासन द्वारा जन समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को बास्तानार विकासखंड में जन चौपाल का व्यापक आयोजन किया गया। लोहंडीगुड़ा और बकावंड विकासखंडों की सफलता के बाद, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार आज सुबह 10 बजे से ही बास्तानार की सभी 34 ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अभियान के तहत अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री शंकर लाल सिन्हा ने राजस्व और जनपद पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सघन समीक्षा की।

### वनविभाग के तलाशी अभियान के चलते

# वन्यजीव अपराध में संलिप्त फरार आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,16 मार्च।** वन अमले की तलाशी के दौरान घर से फरार आरोपी शिवसेवक विभाग के तलाशी अभियान से लगातार बढ़ते दबाव के कारण अंततः न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय के आदेशानुसार उसे गिरफ्तार कर जिला जेल बलौदाबाजार में दाखिल किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्यजीव अपराधों की रोकथाम हेतु प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर वन मण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देश पर विगत जनवरी माह में वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम अल्दा में तलाशी कार्यवाही की गई । तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति शिवसेवक के घर से वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) की अनुसूची-ढ्ढ में संरक्षित वन्यजीवों से संबंधित तेंदुए के दांत, जंगली जानवर के मांस के टुकड़े, जी.आई. तार तथा भाले सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। तलाशी के दौरान मुख्य आरोपी शिवसेवक मौके से जंगल की ओर फरार हो गया। आरोपी की तलाश के लिए वन विभाग द्वारा तत्काल टीम गठित कर सघन खोज अभियान चलाया गया तथा डॉग स्क्वाड की सहायता भी ली गई। किन्तु आरोपी के घने जंगल की ओर भाग जाने तथा शाम हो जाने के कारण उसे उसी दिन पकड़ पाना संभव नहीं हो सका। इसके पश्चात वन विभाग द्वारा आरोपी की लगातार तलाश जारी थी।

विभाग के लगातार की जा रही खोजबीन के चलते मुख्य आरोपी शिवसेवक पिता परदेशी राम गोड, निवासी ग्राम अल्दा, पोस्ट भिभोरी, तहसील कसडोल ने अंततः बुधवार वार को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कसडोल के समक्ष आत्मसमर्पण किया। न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक पूछताछ एवं कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे जिला जेल बलौदाबाजार में जेल दाखिल किया गया।

प्रकरण में एक अन्य सहयोगी आरोपी मेहतारू पिता सरजू (उम्र 43 वर्ष) पूर्व से ही न्यायिक अभिरक्षा में है। उसके घर की तलाशी के दौरान सॉफ्ट शेल कछुए का प्लास्ट्रॉन, जो कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) की अनुसूची-ढ्ढ में संरक्षित प्रजाति है, तथा लंगूर की खोपड़ी, जो अनुसूची-ढ्ढ्ढ में संरक्षित प्रजाति है, बरामद की गई थी।इस प्रकरण में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) के प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है। कार्यवाही में उप वनमंडलाधिकारी निश्चल शुक्ला , वनपरिक्षेत्र अधिकारी सुश्री श्वेता कुमारी सिंह के नेतृत्व एवं परिक्षेत्र सहायक जय किशन यादव,नटवर लाल वर्मा सहित उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की भूमिका रही।

### राजस्व मंत्री ने 7 करोड़ से अधिक की लागत के नवापारा -सतभांवा मार्ग का किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 मार्च।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम सकरी में नवापारा -सकरी -सतभांवा मार्ग का विधि -विधान से पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। पुल पुलियों सहित 7 करोड़ 82 लाख 58 हजार रुपए की लागत इस मार्ग का निर्माण होग़ा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि इस सड़क के बनने से लोगों का आवागमन सुगम होगा। हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। इस बार जिले में कई सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। प्रदेश में अच्छी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है.। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदने के बाद कृषक उन्नति योजना के तहत शेष राशि का एकमुश्त भुगतान भी होली के पहले किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की अधिकांश गारंटी पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने हम सभी को मिलकर काम करना होग़ा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल.जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहव वर्मा, सरपंच कविता वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तेज आवाज में डीजे बजाने वाले साउंड सिस्टम संचालक पर की गई कार्रवाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 16 मार्च।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरांत तथा तय सीमा से अधिक, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे एवं धूमाल बजाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.03.2026 की रात्रि निर्धारित समय सीमा के उपरांत, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कल दिनांक 14.03.2026 की रात्रि सूचना मिली कि गायत्री मंदिर के पीछे लवन रोड में बलौदाबाजार में डीजे संचालक द्वारा मालवाहक वाहन में बहुत ही तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। कि उक्त सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर डीजे संचालक अनावेदक युवराज कन्नौजे उम्र 34 साल निवासी ठाकुर देव चौक पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली के विरुद्ध 1995 की धारा 15(1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर वाहन सहित संपूर्ण डीजे साउंड सिस्टम जप्त किया गया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले डी.जे. एवं धुमाल संचालकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली पुलिस का यह

### सट्टा-पट्टी लिखने वाले 2 सटोरियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 16 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 14.03.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर



ग्राम अमेरा बस स्टैंड के पास सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपी सटोरिया एवं इस सट्टा को लेने वाला खाईवाल सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से नगदी रकम ?8390, सट्टा-पट्टी एवं पेन जप्त किया गया। आरोपी सटोरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06(क) के तहत अपराध क्र. 125/2026 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

ग्रामीणों से बेहतर संबंध बनाने के लिए

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को कैंप बुलाकर खाना खिलाया





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 16 मार्च।** छत्तीसगढ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रही है। एक ओर जहाँ सुरक्षा बल लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाकर नक्सलियों का लगातार सफाया कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के साथ मित्रवत एवं मधुर संबंध स्थापित करने हेतु भी लगातार संकल्पित होकर प्रयासरत हैं, इसी का उदाहरण 231 वी वाहिनी सीआरपीएफ ने पेश किया। बल के कमांडेण्ट सुनील भंवर के निर्देशानुसार 231 वी वाहिनी सीआरपीएफ के जी कम्पनी के कम्पनी कमाण्डर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार झा के द्वारा दिनांक 14 मार्च को ग्रामीणों को कैंप में बुलाकर खाना खिलाया गया, बच्चों के मध्य बिस्किट एवं चॉकलेट बाँटा गया एवं बीमार ग्रामीणों के मध्य दवा का वितरण भी किया गया एवं सुरक्षा बल एवं ग्रामीणों के बीच मित्रवत संबंध एवं भविष्य में 231 वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा आयोजित होने वाली सिविक एक्शन प्रोग्राम के बारे में चर्चा की गई जिसमें डोरापारा, बुधिपारा, धुर्वापारा, रियापारा के ग्रामिणों ने भाग लिया । मौके पर डोरापारा के पंच बिमा राम कवासी, बुधरा कवासी तथा धुर्वापारा के भिमे सुंडाम सहित लगभग 100 ग्रामीण उपस्थित रहे।

# निगम आयुक्त के निरीक्षण के दौरान 82 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 16 मार्च।** शहर में प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर रोक लगाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा संजय मार्केट क्षेत्र के निरीक्षण पर आज रविवार सुबह 9 बजे पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति स्कूटी में प्रतिबंधित पॉलिथीन रखकर दुकानदारों को बेचते हुए पाया गया। आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम ने तत्काल जांच की, जिसमें उक्त व्यक्ति की पहचान विजय जैन के रूप में हुई। वह स्कूटी के माध्यम से बाजार क्षेत्र में दुकानदारों के पास जाकर प्रतिबंधित पॉलिथीन की सप्लाई कर रहा था। पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत लगातार मिल रही थी,जिस पर आयुक्त अचानक सब्जी लेने के बहाने संजय बाज़ार पहुंचे, जिसकी जानकारी किसी को भी नहीं थी ।

नगर निगम टीम द्वारा मौके पर ही पॉलिथीन की जब्ती की गई तथा आगे की जांच में टीम उसके दुकान तक भी पहुंची, जहां से भी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान कुल मिलाकर लगभग 82 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। नगर निगम की टीम ने प्लास्टिक प्रतिबंध नियमों के तहत संबंधित व्यक्ति पर 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। कार्यवाही के दौरान सुशील कर्मा,प्रभारी संजय बाज़ार एवं सहायक राजस्व अधिकारी राकेश यादव उपस्थित थे ।निगम आयुक्त ने इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग और बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।साथ ही लोगो से प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग नहीं करते हुए लोगो को सामान लेते समय थैला उपयोग करने की अपील की गई ।

## प्लास्टिक मुक्त बनने की ओर बढ़ीं बस्तर की तीन पंचायतें

**जगदलपुर, 16 मार्च।** जिले के जनपद पंचायत बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरी, टिकनपाल और बालेंगा को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस उद्देश्य से रविवार को तीनों पंचायतों में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समग्र ग्राम विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, ग्रामीणों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

**समाचार संक्षेप**

## एसआईआर के सफल संपादन पर बीएलओ-सुपरवाइजर सम्मानित



**जगदलपुर, 16 मार्च (तछसं.)।** विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट के अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) के कार्य का सफलतापूर्वक संपादन किए जाने पर सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर अनुविभागीय दंडाधिकारी तोकापाल शंकर लाल सिन्हा द्वारा आज सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट के अंतर्गत लोहंडीगुड़ा, दरभा, बास्तानार और तोकापाल के सभी एईआरओ (AERO) एवं ईआरओ (AERO)चित्रकोट भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की गई।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को आगामी जनगणना 2027 के कार्य को भी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## महिला कांग्रेस ने गैस संकट, बढ़ती मंहगाई को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**जगदलपुर, 16 मार्च ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज रविवार को छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति फुलोदेवी नेताम के आदेशानुसार, बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर व ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष चम्पा ठाकुर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बस्तर सहित पूरे प्रदेश में व्यवसायिक कमर्शियल गैस सिलेंडर की अघोषित रोक,घरेलू गैस सिलेंडर की बाधित आपूर्ति,बढ़ती कालाबाजारी एवं बेतहाश गैस की बढ़ती दामों व मंहगाई के विरोध में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए खाली गैस सिलिंडर, चूल्हा जलाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया । महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद ने कहा कि शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की जद्दोजहद जारी है, लोग घंटों लाइन में लगे हैं। सिलेंडर की कमी साफ दिखाई दे रही है, कमर्शियल सिलेंडर पर अघोषित रोक लगी हुई है । कालाबाजारी का खेल जोरो पर है और प्रदेश की पोस्टरबाज भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री व नेता मंत्री गैस सिलेंडर की पर्याप्तता का झूठा राग अलाप रहे हैं। प्रदेश की जनता अब इस बहकावे में नहीं आएगी। भाजपा सरकार ये झूठा राग अलापना अब बंद कर दे। भाजपा पहले गैस सिलिंडर के मुद्दे पर सड़कों पर उतरती थी वह आज इस समस्या पर मुंह छिपाकर बैठी है। मंहगाई पहले से चरम पर है और केंद्र सरकार ने एक साथ गैस सिलिंडर के दाम में 60 रुपये बढ़ा दिए हैं, और अब स्थिति यह है कि गैस सिलिंडरों की आपूर्ति भी नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के बढ़ते दाम और सिलिंडर की किल्लत ने आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार गैस के दाम ।

### महतारी वंदन योजना की राशि से महिलाएं बच्चों के लिए त्योहार पर खरीदती हैं उपहार

**कांकेर, 16 मार्च ।** शासन की महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, जिससे वे अपने परिवार की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं।चारामा विकासखंड के ग्राम लखनपुरी निवासी श्रीमती किरण जैन भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें नियमित रूप से राशि प्राप्त हो रही है। इस राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। विशेष रूप से त्योहारों के अवसर पर वे अपने बच्चों के लिए उपहार खरीदती हैं।

**एक नजर**

## चपका ओपन स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से 6 विद्यार्थी परीक्षा से हुए वंचित

**जगदलपुर, 16 मार्च ।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वर्ष 2026 की 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षा 16 मार्च से शुरू हो रही है। इसके लिए बस्तर ब्लॉक के चपका स्कूल को ओपन अध्ययन केंद्र बनाया गया है, लेकिन केंद्र प्रभारी और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के कारण 6 विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित हो रहे हैं। बताया जाता है कि विद्यार्थियों ने चपका केंद्र से ओपन स्कूल की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि अध्ययन केंद्र प्रबंधन ने उनके ऑनलाइन आवेदनों को समय पर स्वीकार नहीं किया। इसके चलते उनका आवेदन ही जमा नहीं हो पाया और अब वे परीक्षा भी नहीं दे पाएंगे। परीक्षार्थियों में प्रीति बघेल, धनराज बघेल सहित अन्य का कहना है कि उन्होंने समय रहते सारी प्रक्रिया पूरी कर ली थी, लेकिन स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से उनका आवेदन ही स्वीकार नहीं किया गया। विद्यार्थियों व उनके परिजनों ने जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें परीक्षा में शामिल होने का अवसर देने की मांग की है। प्रीति पटेल ने बताया कि उन्होंने चपका ओपन स्कूल अध्ययन केंद्र के नाम से ऑनलाइन फॉर्म भरा था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने उसे स्वीकार नहीं किया, जिसके कारण उनका आवेदन ही जमा नहीं हो पाया है। इधर धनराज बघेल का कहना है कि उन्होंने समय पर आवेदन किया था, लेकिन केंद्र प्रबंधन की लापरवाही से अब वे परीक्षा नहीं दे पाएंगे।

## बास्तानार घाट में चलती कार में अचानक लगी आग



**दंतेवाड़ा, 16 मार्च ।** जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-63 पर बास्तानार घाट में आज रविवार को एक चलती कार अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। जिसकी वजह से कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति भी बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में अचानक धुआं उठने के बाद आग तेजी से फैल गई और वाहन पूरी तरह जलने लगा, लेकिन किसी भी जनहानि की कोई सूचना नही है। घटना की सूचना मिलते ही कोड़ेनार थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को भी मौके पर बुलाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बस्तर में ग्रामीण क्षेत्रों के मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की होगी अब डिजिटल निगरानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर, 16 मार्च ।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बस्तर जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण स्तर पर इसकी पहुंच को डिजिटल रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी कड़ी में शनिवार 14 मार्च को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टोरेंट प्रोजेक्ट (टेली मॉनिटरिंग फॉर रूरल हेल्थ ऑर्गनाइजर्स ऑफ छत्तीसगढ़) विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना को तकनीक से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यशाला के दौरान जिला नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर डॉ. ऋषभ साव ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि टोरेंट प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के ग्रामीण स्वास्थ्य आयोजकों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से टेली-मॉनिटरिंग की सुविधा विकसित की जा रही है, जिससे दूरस्थ अंचलों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मरीजों की पहचान और उपचार की निरंतरता पर सीधी नजर रखी जा सकेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी की उपस्थिति में आयोजित इस सत्र में विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि कैसे तकनीक के समन्वय से मानसिक रोगों के प्रबंधन में आने वाली भौगोलिक बाधाओं को दूर किया जा सकता है।प्रशिक्षण में बस्तर जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कुल 156 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल रहे। इन जमीनी स्तर के अधिकारियों को टोरेंट प्रणाली के संचालन और डिजिटल डेटा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे अपने क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान कर सकें। इस आयोजन ने न केवल स्वास्थ्य कर्मियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाया है, बल्कि बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के एक नए युग की शुरुआत भी की है। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस नवाचार से जिले के अंतिम व्यक्ति तक उच्च स्तरीय मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और सेवाएं सुलभ हो सकेंगी।

# जिले में बरामद नशे की सामग्री बीएसपी प्लांट में नष्ट की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**दुर्ग, 16 फरवरी।** दुर्ग जिले में बरामद किए गए नशे के सामान को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड-सेल के भिलाई स्टील प्लांट में नष्ट किया गया स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के कन्वर्टर नंबर 3 में सोमवार 11 बजे एसएसपी दुर्ग की मौजूदगी में गांजा, टेबलेट, अफीम को आग के हवाले किया गया बरामद किए गए नशे के सामान का ट्रक करीब सवा 10 बजे एसएमएस 3 पहुंच गया दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल , ( शहर )एएसपी, भिलाई नगर सीएसपी, भट्ठी टीआई आदि की टीम ने सबसे पहले बोरे में बंद नशे के सामान का वजन कराया गया इसके बाद कन्वर्टर में डालने की प्रक्रिया शुरू की गई दुर्ग पुलिस के मुताबिक 58 से मामलों में बरामद गांजा, ब्राउन शुगर, टैबलेट को नष्ट किया गया है। गांजे का वजन 6 क्विंटल 12 किलो था। इसी तरह 4 मामलों में बरामद नशीला 197 नग सिरप को भी नष्ट किया गया। बता दें कि अफीम को यहां नष्ट नहीं किया गया है। दुर्ग जिले में अफीम की खेती का प्रकरण चर्चा में आया है। फिलहाल, सोमवार को नष्ट किए गए गांजा, ब्राउन शुगर, सिरफ के साथ अफीम नहीं थी।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

**अम्बिकापुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। योजना के माध्यम से महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।ग्राम पंचायत गुमगरा कला की निवासी गायत्री साहू ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना का नियमित लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि योजना से मिलने वाली राशि से घर के छोटे-मोटे खर्च आसानी से पूरे हो जाते हैं और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में भी काफी सहयोग मिल रहा है गायत्री साहू ने कहा कि हर महीने मिलने वाली यह सहायता राशि महिलाओं के लिए बड़ी मदद साबित हो रही है। इससे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में सहूलियत मिलती है और महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस पहल से प्रदेश की हजारों महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है और उनका जीवन बेहतर बन रहा है।

# वन विभाग की तत्परता से टली बड़ी वन क्षति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जशपुर, 16 मार्च।** जशपुर वनमंडल अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर लगी वनाग्नि को वन विभाग की त्वरित कार्यवाही से समय रहते नियंत्रित कर लिया गया है। इसके फलस्वरूप बड़ी वन क्षति होने से बचाव हो गया है। यह कार्यवाही डीएफओ जशपुर के निर्देशन में की गई। वनमंडलाधिकारी जशपुर श्री शशिकुमार ने बताया कि 14 मार्च 2026 की रात्रि में दुलदुला वन परिक्षेत्र के रानीबंध क्षेत्र तथा बगीचा वन परिक्षेत्र के अहिनमाड़ा जंगल में आग लगने की सूचना दूरभाष के माध्यम से वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल सक्रिय हो गया और मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण के लिए कार्यवाही प्रारंभ की गई।

दुलदुला वन परिक्षेत्र अंतर्गत रानीबंध क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र के वन अमले ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रात्रि में ही त्वरित प्रयास करते हुए आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इसी प्रकार बगीचा वन परिक्षेत्र के अहिनमाड़ा जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा सुश्री यशस्वी मौर्य, प्रशिक्षु भा.व.से. स्वयं वन अमले के साथ मौके पर पहुंचीं। लगातार प्रयास करते हुए रात्रि लगभग 12 बजे तक आग को आसपास के वनों में फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया।

वन विभाग की तत्परता और समन्वित प्रयासों के कारण दोनों स्थानों पर आग को शीघ्र नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी वन क्षति नहीं हुई। विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और गश्त की जा रही है, ताकि आग की पुनरावृत्ति को रोका जा सके और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को भी वनों में आग लगने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा उनसे वन संरक्षण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है। विभाग ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे वनों में आग न लगाएं तथा कहीं भी आग लगने की घटना दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें, जिससे समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके।

वनाग्नि की सूचना देने के लिए नागरिक संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारियों से सीधे संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए सन्ना वन परिक्षेत्राधिकारी का दूरभाष नंबर 9302959850, मनोरा वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9893283085, जशपुर वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 7999374719, दुलदुला वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9406042064, तपकरा वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 6267954237, कुनकुरी वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9424182112, कांसाबेल वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9098098347, बगीचा वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 8826088150 तथा पत्थलगांव वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 8770575577 है।वन विभाग ने कहा है कि वनों में जानबूझकर आग लगाने अथवा आग लगाते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं 79 तथा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।वन विभाग जशपुर ने सभी नागरिकों से वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ वन्यजीवों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

कालाबाजारियों पर सख्त कार्रवाई के कलेक्टर ने दिए निर्देश अफवाहों से बचने की अपील की

# एलपीजी, पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ,16 मार्च।** राज्य में पेट्रोलियम पदार्थों की नियमित उपलब्धता और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ऑयल कंपनियों के पास इन पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उनकी नियमित आपूर्ति जारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में आम जनता के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अनावश्यक रूप से एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग या पेट्रोल-डीजल के अनावश्यक संग्रहण जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि ऑयल कंपनियों



और जिलों में उपलब्ध एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की दैनिक जानकारी खाद्य विभाग के मॉड्यूल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके आधार पर प्रतिदिन जिले में प्राप्त स्टॉक, विक्रय मात्रा तथा शेष उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।कलेक्टर ने खाद्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों को एलपीजी, पेट्रोल और डीजल के अवैध संग्रहण तथा दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। संदिग्ध स्थलों की पहचान कर नियमित जांच एवं आवश्यकतानुसार छापेमारी की कार्रवाई करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही आम उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम पदार्थों की प्राप्ति में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 और 1967 के अलावा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 0771-2511975 पर संपर्क किया जा सकता है। जिलों में भी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम गठित कर उनके नंबर आम जनता को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय कॉल सेंटर में दर्ज शिकायतों का निराकरण संबंधित खाद्य नियंत्रक, खाद्य अधिकारी तथा ऑयल कंपनियों के जिला समन्वयक द्वारा 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही की गई कार्रवाई की जानकारी विभागीय डैशबोर्ड में तत्काल दर्ज की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भारत सरकार एवं ऑयल कंपनियों द्वारा समय-समय पर जारी एलपीजी बुकिंग, वितरण और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों को सभी एलपीजी वितरकों, उचित मूल्य दुकानों तथा अन्य आवश्यक स्थानों पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा इसकी जानकारी शीघ्र विभाग को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोलियम पदार्थों का उपयोग करें, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

## एक नजर

### लोक अदालत में 65,962 मामलो का निराकरण एवं 7,54,33,398 रुपये के अवार्ड पारित

**महासमुंद 16 मार्च ।** न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं पक्षकारों के त्वरित सुलह एवं समझौते के आधार पर उनके प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से आज 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री चेतना ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित 25 खण्डपीठो का गठन कर नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का विधिवत् शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, खंडपीठों के अन्य पीठासीन अधिकारीगण, खंडपीठो के लिए नियुक्त सुलहकर्ता सदस्यगण, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव श्री संदीप साहू, एवं अन्य अधिवक्तागण, बैकर्स व विभिन्न विभागों के आए अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकां के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत बकाया अथवा विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 4 हजार 631 प्रकरणों में 30 लाख 59 हजार 870 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 14 हजार 329 प्रकरणों में 52 लाख 02 हजार 900 रूपए, श्रम प्रकरण के 41 मामलों में 16 लाख 50 हजार 400 रूपए, एमएसीटी के 27 प्रकरण में. 3 करोड़ 33 लाख 75 हजार रूपए, एनआई एक्ट-138 के 30 प्रकरणों में एक करोड़ 40 लाख 25 हजार 212 रूपए तथा 231 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर एक करोड़ 69 लाख 47 हजार 116 रूपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 43 हजार 122 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत म् सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से कुल 65 हजार 962 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 07 करोड़ 54 लाख 33 हजार 398 रूपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए। विदित हो कि आज दिनांक 14 मार्च 2026 को पूरे देश भर में माननीय उच्चतम न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में एक साथ हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसके सफल आयोजन हेतु विगत कई माह से अनवरत तैयारी की जा रही थी और पक्षकारों को नियत सुनवाई दिनांक के पूर्व राजीनामा हेतु नोटिस प्रेषित कर प्री-सीटिंग कर राजीनामा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया था। इसके अलावा आज आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों एवं विभिन्न विभागों से आए अधिकारी-कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में महासमुंद अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

# शिकायत पर वैदिक व जिंदल स्कूल को नोटिस जारी

■ दोबारा शिकायत मिलने पर हो सकती है मान्यता रद्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,16 मार्च।** जिले में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी और अभिभावकों को महंगी किताबें.कॉपी खरीदने के लिए मजबूर करने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया हैएलगातार मिल रहीए शिकायतों और मीडिया में खबरें सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ;डीईओद्ध ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वैदिक और जिंदल स्कूल प्रबंधन को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि यदि भविष्य में इनके खिलाफफिर कोई शिकायत मिलती हैए तो सीधे मान्यता समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसलए पिछले कुछ वर्षों से छात्र संगठनों और मीडिया के माध्यम से निजी स्कूलों द्वारा शासन के निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं करने और मनमानी करने की शिकायतें सामने आ रही थींए अधिकांश शिकायतें इस बात को लेकर थीं कि विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्कूल परिसर या किसी खास दुकान से ही गणवेशए कॉपी और किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता हैएबताया जा रहा है कि कई निजी स्कूलों द्वारा शासन की एनसीईआरटी और एससीईआरटी की पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों को सिलेबस में शामिल किया जा रहा हैए इसके कारण अभिभावकों को अधिक कीमत पर किताबें खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारों के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी और एससीईआरटी की किताबें अपेक्षाकृत सस्ती होती हैंएऔर उनमें अनावश्यक सामग्री भी नहीं होतीए जिससे पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो जाता है। लेकिन इन पुस्तकों में स्कूल प्रबंधन और दुकानदारों को विशेष आर्थिक लाभ नहीं मिलताए इसी कारण कई स्कूल निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें सिलेबस में शामिल कर अभिभावकों पर थोप देते हैंए एक ही दुकानदार को पूरे स्कूल की किताबें और कॉपी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी देकर कमीशन का खेल भी चलता है।

### छात्र संगठन ने उठाया था मुद्दा

गत वर्ष छात्र संगठनों ने इसी मुद्दे को लेकर कार्मेल स्कूल के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिकायत की थीए जिस पर काफी हंगामा भी हुआ थाए विभागीय जांच में शिकायत सही पाई गई थीए लेकिन सूत्रों के अनुसार स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई के बजाय मामला अनुश्रवण समिति को सौंपकर केवल चेतावनी पत्र जारी कर दिया गया था। इस वर्ष प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया हैएजिला कलेक्टर ने 14 दिसंबर 2025 को कार्मेलए सेंट टेरेसा और विद्या विकास स्कूल प्रबंधन को चेतावनी पत्र जारी कर आगामी सत्र में केवल एनसीईआरटीध्एससीईआरटी की किताबों से ही पढ़ाई कराने तथा विद्यार्थियों को स्कूल परिसर या किसी विशेष दुकान से किताबें व गणवेश खरीदने के लिए बाध्य नहीं करने के निर्देश दिए थेए इसके अलावा फरवरी 2026 में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधन की बैठक लेकर भी स्पष्ट निर्देश जारी किए थे।

## प्रत्येक जोन के 10 बड़े बकायादारों के नाम किए जाएंगे सार्वजनिक

**दुर्ग,16 मार्च।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली को लेकर सख्त कदम उठाने की तैयारी की जा रही है।निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन करदाताओं द्वारा लंबे समय से कर राशि जमा नहीं की गई है, उनके विरुद्ध अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम द्वारा प्रत्येक जोन के 10 बड़े बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है। इन बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे ताकि उन्हें शीघ्र कर भुगतान के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके बावजूद यदि बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो ऐसे करदाताओं के विरुद्ध कुर्की, संपत्ति सीलबंदी सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर के सभी नागरिकों और करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे 31 मार्च से पहले अपना बकाया संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर दें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि 31 मार्च के बाद बकाया करों की वसूली 17 प्रतिशत अधिभार के साथ की जाएगी।करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम परिसर में स्थित टैक्स काउंटर तथा सभी जोन कार्यालयों के काउंटर 31 मार्च तक शनिवार और रविवार को भी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे।

# मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा एवं आर.एल. हॉस्पिटल के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ 300 लोगों ने उठाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,16 मार्च।** दिनांक 15 मार्च को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन खरसिया में संपन्न हुआ। जिसमें 300 से ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया। नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने मुख्यअतिथि के रूप में कहा कि समय-समय पर इस तरीके के सेवा कार्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन जागृति शाखा द्वारा किया जाता है। सेवा कार्यों में अग्रणी रहने वाली यह शाखा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। इस शिविर में विशिष्ट अतिथि सीएमओ नीतू अग्रवाल ने मंच के सेवा कार्यों की भुरी प्रशंसा एवं सराहना की तथा राजेश अग्रवाल घंसू की भी विशेष उपस्थिति रही। शाखा एवं उपस्थित सभी लोगो ने विशेष रूप से आर.एल. हॉस्पिटल का धन्यवाद किया जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर शहर के लोगों को लाभ पहुंचाया।उपरोक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेविका अर्चना गर्ग का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं योगदान देने वालो में जागृति शाखा की रोली अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, भावना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल गिरधर, चांदनी अग्रवाल, विभा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, लता अग्रवाल, नीता बंसल, रेखा, सुनीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, उमा गोयल, श्वेता अग्रवाल, प्रेमलता सुल्तानिया, ऋतु अग्रवाल एवं अन्य सदस्यगण शामिल है।

# सेल स्पॉट मोबाइल शॉप में हुई चोरी का खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,16 मार्च।** गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल शॉप में हुई 16 नग आईफोन चोरी की घटना को पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को ट्रेन में सफर करते समय गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके कब्जे से चोरी के सभी 16 नग आईफोन की शत.प्रतिशत जब्त किया गया है। साथ ही एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में विगत 09 मार्च की रात चोरी की घटना सामने आई थी। इससे दुकान संचालक मोहम्मद फारुक निवासी लक्ष्मीपुर ने पुलिस को सूचना दिया था कि रात करीब 9ण्30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह लगभग 10ण्00 बजे जब वे दुकान पहुंचा और शटर खोलकर अंदर गया तो दुकान में लगे शोकेस काउंटर में रखे मोबाइल फोन अस्त.व्यस्त पड़े थेए ऐसे में जांच करने पर पता चला कि दुकान की दूसरी मंजिल के दरवाजे का लॉक तोडकर अज्ञात चोर अंदर घुसा और ग्राउंड फ्लोर स्थित दुकान से 16 नग आईफोन तथा काउंटर में रखा नकदी लेकर फरार हो गया है। ऐसे में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा धारा 305, 331.4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया थाए इससे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस और साइबर की एक विशेष टीम गठित करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश तेज कर दिया। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि संदेही मोबाइल का उपयोग कर रहा हैए जिस पर साइबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर उसकी लोकेशन ट्रेस किया तो पता चला कि वह रायपुर में हैए इससे पुलिस टीम रायपुर पहुंची और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी ट्रेन में बैठकर रायगढ़ की ओर आ रहा थाए जिसे चलती ट्रेन में ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश चौहान पिता मनोहर चौहान ;19 वर्षद्ध निवासी ग्राम कलमी थाना कोतरारोड के रूप में हुई है।

वहीं आरोपी ने बताया कि वह चोरी करने के लिए रायपुर से ट्रेन से रायगढ़ आया और दुकान के पीछे निर्माणाधीन हिस्से के पास लगी लोहे की सीढ़ी के सहारे ऊपर चढकर दूसरी मंजिल का लॉक तोडकर दुकान में घुसा और शोकेस में रखे 16 नग आईफोन ;कीमत 14 लाख 15 हजार रुपएद्ध को लेकर फरार हो गया था। इससे पुलिस ने आरोपी आकाश चौहान के कब्जे से चोरी के 15 नग आईफोन और एक बाइक को बरामद किया। साथ ही एक और मोबाइल के बारे में पूछ जोन पर उसने बताया कि एक आईफोन अपने साथी लकेश्वर उर्फ लक्की चंद्रा पिता कनीराम चंद्रा ;21 वर्षद्ध निवासी सोनूमुड़ा को दिया हैए इससे पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त करते हुए रिमांड पर भेज दिया है।

### अन्य चोरी में भी था शामिल

वहीं पकड़े गए आरोपी आकाश चौहान से पुलिस ने पूछताछ किया तो उसने बताया कि विगत जनवरी 2026 में भी उसने चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के बोईरदादर चौक स्थित साहा मोबाइल दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इससे अब चक्रधरनगर पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मोबाइल शॉप चोरी मामले में साक्ष्यों और प्रभावी पुलिस कार्रवाई के माध्यम से आरोपियों को गिरफ्तार

# श्रीराम शोभा यात्रा को भव्य बनाने सर्व समाज ने लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,16 मार्च।** करोड़ों हिन्दुओं के आस्था के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की भव्य शोभा यात्रा 27 मार्च शुक्रवार को निकलेगी इस हेतु आज रविवार को स्थानीय अग्रसेन भवन में सर्व हिंदू समाज की बैठक श्री राम नवमी आयोजन समिति के तत्वाधान में रखी गई थी उक्त बैठक में सैकड़ों रामभक्त उपस्थित हुए विदित हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम नवमी आयोजन समिति के द्वारा भव्य श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सर्वप्रथम रामभक्तो के द्वारा नटवर स्कूल प्रांगण शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा तत्पश्चात शोभा यात्रा की शुरुआत नटवर स्कूल प्रांगड़ से की जाएगी जिसके पश्चात यह शोभा यात्रा स्टेशन चौक ,गांधी प्रतिमा,रामनिवास टाकीज चौक, गोपी टाकिज, मंदिर चौक, सुभाष चौक, हटरी चौक, पैलेस रोड,




चांदनी चौक, गांजा चौक, गद्दी चौक, सिटी कोतवाली,हंडी चौक, घड़ी चौक होते हुए रामलीला मैदान में इसका समापन होगा जहां विशाल भंडारा तथा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा इस वर्ष श्री राम नवमी आयोजन समिति आकर्षक अनुशासित झाकियों तथा शोभा यात्रा में सम्मिलित टोलियों को रनिंग शील्ड और प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत करने की भी योजना बनाई गई है जिसमें निर्णायक के रूप में समिति से पृथक शहर के गणमान्य नागरिकों की विशेष टीम इसका निर्णय करेगी। इस शोभा यात्रा में सर्व हिंदू समाज के 55 से अधिक समाज के रामभक्त सम्मिलित होंगे तथा साथ ही अनेक युवा समिति एवम समाज के रामभक्तो द्वारा झाकियां, डीजे, ढोल, मदिरा इत्यादि सम्मिलित रहेंगे श्री राम शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु यह प्रथम बड़ी बैठक रखी गई थी आगे अभी अनेक युवा समिति, महिला समिति,वार्ड समिति,दुर्गा पूजन समिति, राजनैतिक एवम सामाजिक संगठनो की बैठक आहूत कर शोभा यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी श्री राम नवमी आयोजन समिति ने इस वर्ष श्री रामनवमी शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी रामभक्तो को अधिक से अधिक समय देने का आव्हान किया है इसके पूर्व भी श्री राम शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए विभिन्न समूहों पार्षद दल सोशल मीडिया एक्टिविस्ट इत्यादि की बैठक समिति ने कर ली है श्री रामनवमी आयोजन समिति की तैयारियों के देखते हुए इस वर्ष का आयोजन अन्य वर्षों से और ज्यादा आकर्षक होने का अनुमान है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्री श्याम मंदिर में महाआरती का आयोजन

■ धार्मिक आयोजन की तैयारी में जुटे सदस्यगण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,16 मार्च।** शहर के संजय कॉम्प्लेक्स स्थित राज्य प्रसिद्ध श्री श्याम बाबा मंदिर में हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर्व की खुशी में श्री श्याम मंडल समिति रायगढ़ के सभी श्याम प्रेमियों की पहल से भव्य धार्मिक आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी श्याम प्रेमी और शहर के श्रद्धालुगण श्रद्धा से भाग लेते हैं। इस बार भी अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा के विशेष मार्गदर्शन में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर्व पर मंदिर में भव्य आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि शुक्ल प्रतिपदा पर्व के पावन अवसर पर श्री श्याम बाबा मंदिर में 19 मार्च को शाम 7.30 बजे भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत श्री श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती होगी और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं श्री अग्रवाल ने सभी श्याम प्रेमियों से महाआरती में शामिल होने का विनम्र निवेदन किए हैं।आयोजन को भव्यता देने में अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा,अध्यक्ष, सचिव आनंद गर्ग, मुकेश गोयल प्रवक्ता, गजेंद्र गर्ग, जयप्रकाश गोयल, सुनील लेंध्रा,सचिन बंसल, सुनील



एसएस,राजू केडिया दीपक मित्तल, संजय पत्थलगाँव, महेश सिंघानिया, शिव थवाईत, पवन शर्मा आरटीओ, राजू चाचा, मनोज टिल्लू, कैलाश गर्ग, दीपक ज्योति, कैलाश सांवडिया, अनिल गर्ग, मीडिया प्रभारी ऐश अग्रवाल आर्यन अग्रवाल, पवन शर्मा, हेमंत शर्मा,अमित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल सहित श्री श्याम मंडल रायगढ़ के सभी सदस्यगण जुटे हैं।

### धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति का होली मिलन एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी द्वारा साहित्य भवन (म्युनिसिपल स्कूल धमतरी के पीछे) में आयोजित होली मिलन समारोह साहित्य, संवाद और सांस्कृतिक आत्मीयता का एक प्रेरक अवसर बन गया। इस अवसर पर आगामी साहित्यिक पत्रिका 'प्रत्यय' का विमोचन, नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा साहित्यकारों के नाम से प्रस्तावित मार्ग के नामकरण के सांकेतिक बोर्ड का लोकार्पण तथा समिति की आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

# कुरूद में बन रहे एमपी थिएटर का काम रुका, लोगों में नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 16 मार्च।** नगर में लंबे समय से बन रहे एमपी थिएटर का निर्माण कार्य इन दिनों पूरी तरह से रुका हुआ है। निर्माण कार्य ठप पड़ने से नगरवासियों में नाराज़गी और निराशा देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि लगभग दो माह से अचानक काम बंद कर दिया गया है, जिसके कारण थिएटर का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एमपी थिएटर बन जाने से क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फिल्मों के प्रदर्शन और विभिन्न सामाजिक आयोजनों के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध होता। नगर के युवाओं और कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर



मिलता। लेकिन अचानक निर्माण कार्य रुक जाने से यह विषय नगर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। नगर व आसपास क्षेत्र के कलाकारों एवं नागरिकों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द फिर से शुरू कराया जाए और अधूरे पड़े एमपी थिएटर को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि नगर वह क्षेत्र के साथ-साथ बाहर से आने वाले कलाकारों को भी इसकी सुविधा मिल सके। पीडब्ल्यूडी विभाग से जानकारी लेने पर पता चला कि पहला पार्ट का जितना पैसा आया था उतना कम हो गया है। पहला पार्ट में 82 लाख 48,000 प्रशासकी स्वीकृत हुआ था। अभी तीन पार्ट में स्टेटमेंट जमा हो गया है पहला पार्ट 96 ,लाख ,दूसरा पार्ट 99, लाख तीसरा पार्ट 83, लाख लगभग है। जिसक। स्टीमेट पर्यटन विभाग में जमा हो गया है। एमपी थियेटर पहला पार्ट निर्माणाधीन कार्य का ठेकेदार अभिषेक पंवार हैं जिसके कार्यएजेंसी पीडब्ल्यूडी है, उपरोक्त निर्माण कार्य स्थल पर नागरिक सूचना पटल भी नहीं लगा है। जबकि कोई भी सरकारी काम का निर्माण शुरू करने से पहले नागरिक सूचना पटल लगाना अनिवार्य है। अब नया स्टमेंट स्वीकृत होने के बाद ही निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है ।नगर वासियों ने प्रशासन से जल्द स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि लंबे समय से अधूरा पड़ा प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो सके

क्या कहते हैं विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर कुरूद विधायक महोदय राशि लाने के लिए लगे हुए हैं जैसे ही राशि आएगी काम चालू हो जाएगा।

## एक नजर

### महतारी वंदन योजना: गौरी अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने राशि का कर रही उपयोग

**रायपुर, 16 मार्च।** शासन की जनकल्याणकारी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना से कई महिलाएं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपने बच्चों के स्कूल फीस भुगतान आदि कार्यों में राशि का उपयोग कर रही है। इसी तारतम्य में मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी के ग्राम झाफल की श्रीमती गौरी राजपूत परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का प्रयास कर रही हैं। गौरी राजपूत ने बताया कि योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी पढ़ाई और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री जैसे पुस्तकों की खरीद में करती हैं। इससे उन्हें अपने भविष्य को बेहतर बनाने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि इस आर्थिक सहायता ने न केवल उनकी पढ़ाई में मदद की है बल्कि परिवार की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में भी सहारा दिया है। वे बताती हैं कि पहले आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई जारी रखना कठिन लग रहा था, लेकिन अब योजना से मिलने वाली नियमित सहायता से आत्मविश्वास बढ़ा है और आगे बढ़ने का हौसला मिला है। श्रीमती गौरी राजपूत ने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### जशप्योर स्टॉल को मिली सराहना, महुआ को सुपरफूड के रूप में मिली नई पहचान



**रायपुर, 16 मार्च।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा 13-14 मार्च 2026 को आयोजित आदि परब-2026 कार्यक्रम "From Tradition to Identity" थीम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान, हस्तशिल्प और वन आधारित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों, शोधकर्ताओं, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आगंतुकों ने भाग लिया। इस आयोजन में जशपुर जिले के ब्रांड जशप्योर द्वारा भी स्टॉल लगाया गया, जिसे आगंतुकों, अधिकारियों और विशेषज्ञों से व्यापक सराहना प्राप्त हुई। स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों की उच्च गुणवत्ता, पारंपरिक प्रसंस्करण पद्धति और प्रीमियम पैकेजिंग को लेकर लोगों ने विशेष रुचि दिखाई। स्टॉल का मुख्य आकर्षण महुआ आधारित उत्पाद रहे। बड़ी संख्या में आगंतुकों ने महुआ के पारंपरिक उपयोगों के साथ-साथ उसे पोषण से भरपूर एक प्राकृतिक सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत करने की पहल की सराहना की। जय जंगल द्वारा महुआ को केवल पारंपरिक मद्य से जोड़कर देखने की धारणा से बाहर निकालते हुए उसे स्वास्थ्य, पोषण और पारंपरिक खाद्य प्रणाली के रूप में स्थापित करने का प्रयास लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करता दिखाई दिया।

जशप्योर, जशपुर जिले से शुरू हुई एक पहल है, जिसका उद्देश्य जंगल और जनजातीय समुदायों से जुड़े पारंपरिक खाद्य संसाधनों को सम्मानपूर्वक मुख्यधारा तक पहुँचाना है। यह पहल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच से प्रेरित है जिसमें महुआ को केवल शराब तक सीमित न रखकर उसे पोषण, स्वास्थ्य और जनजातीय आजीविका के महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। आदि परब-2026 में जशप्योर का प्रतिनिधित्व अनिश्वरी भगत एवं प्रभा साय द्वारा किया गया, जिन्होंने आगंतुकों को उत्पादों की विशेषताओं, पारंपरिक प्रसंस्करण विधियों तथा महुआ के पोषण महत्व के बारे में जानकारी दी। स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और जशपुर से जुड़ी इस पहल की सराहना की। जशप्योर के माध्यम से महुआ, मिलेट्स और पारंपरिक रूप से संसाधित चावल जैसे उत्पादों को आधुनिक उपभोक्ताओं तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें जनजातीय महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह पहल न केवल पारंपरिक खाद्य प्रणालियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास है बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका को भी सशक्त बना रही है।

# गढ़फुलझर नानकसागर में होला मोहल्ला कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 16 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज महासमुंद जिले के बसना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थल गढ़फुलझर के नानकसागर में आयोजित होला मोहल्ला कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका तथा विशेष कीर्तन समागम और अरदास में भाग लेकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सिख समाज की ओर से मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि गढ़फुलझर की



पावन धरती स्थित नानकसागर अत्यंत श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, जहां पूज्य गुरु नानक देव जी के चरण पड़े हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ संतों की तपोभूमि रही है, जहां अनेक महान संतों ने मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया है। इस पवित्र स्थल पर आकर उन्हें अत्यंत गर्व और आत्मिक आनंद की अनुभूति हो रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख तीर्थस्थलों के संरक्षण और समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में गढ़फुलझर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इसके विकास कार्यों के लिए लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है और निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा नानकसागर क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जाए, जिससे यह स्थल प्रदेश और देश के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके।बसना विधायक श्री संपत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सिख समाज सदैव संगठन, सेवा और सामाजिक समरसता की भावना के साथ आगे बढ़ने वाला समाज रहा है।

उन्होंने कहा कि गढ़फुलझर न केवल सिख समाज की आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सर्वधर्म समभाव और सद्भावना की जीवंत मिसाल भी है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, बसना विधायक श्री संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह सवन्नी, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा सहित सिख समाज के अनेक गणमान्यजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कान्यकुब्ज समाज छत्तीसगढ़ के विकास में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका : सीएम साय

**रायपुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और यह समाज प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के आशीर्वाद भवन में आयोजित कान्यकुब्ज शिक्षा मंडल के होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में गौधाम योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से गौधाम स्थापित



किए जाएंगे, जहां बेसहारा और घुमंतू गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शासकीय भूमि पर स्थापित सभी गौधाम अब ÷सुरभि गौधाम÷ के नाम से जाने जाएंगे। इन गौधामों में पशुपालन, हरा चारा उत्पादन तथा गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, जिससे स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रभु श्रीराम से विशेष संबंध है। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 42 हजार से अधिक रामभक्तों को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जा चुके हैं। वहीं मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत बुजुर्गों को विभिन्न तीर्थस्थलों का दर्शन कराया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ÷बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026÷ की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को 757 करोड़ रुपये से अधिक की राहत मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता मोर बिजली ऐप के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए राज्यभर में समाधान शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला तथा कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों सहित सभी आयोजकों को आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश मिश्रा, पत्रकार शिरीष मिश्रा, राजेश मिश्रा अरविन्द अवस्थी, मोहन तिवारी, गौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कान्यकुब्ज समाज के गणमान्यजन उपस्थित थे।

## बिहान और महतारी वंदन योजना से नीरा गृहिणी से सफल उद्यमी बनी

**रायपुर, 16 मार्च।** ग्रामीण अंचल की महिलाओं के जीवन में आत्मविश्वास और स्वावलंबन का नया सवेरा छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं ने लाया है। सरगुजा जिले के ग्राम गुमराकलां की रहने वाली श्रीमती नीरा साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं। बिहान (छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) और महतारी वंदन योजना के संगम ने उन्हें एक साधारण गृहिणी से एक सफल उद्यमी बना दिया है। नीरा साहू बताती हैं कि उनकी सफलता की कहानी सरस्वती स्व-सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू हुई। समूह के माध्यम से उन्होंने 17,000 का ऋण प्राप्त किया, जिसे उन्होंने अपनी छोटी सी दुकान में निवेश किया। धीरे-धीरे दुकान चल पड़ी और उनकी आय में वृद्धि होने लगी। नीरा के हौसलों को तब और उड़ान मिली जब उन्हें शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ। उन्होंने इस सहायता राशि का सदुपयोग अपनी दुकान के विस्तार के लिए किया। आज वे न केवल अपनी दुकान का कुशलतापूर्वक संचालन कर रही हैं, बल्कि खेती-बाड़ी के कार्यों में भी हाथ बंटाकर परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही हैं।

आर्थिक स्वतंत्रता का सबसे बड़ा प्रभाव उनके बच्चों की शिक्षा पर पड़ा है। नीरा अपने तीनों बच्चों को मॉडल स्कूल में पढ़ा रही हैं। उनका कहना है कि पहले वे केवल घर तक सीमित थीं, लेकिन अब वे पूरे आत्मविश्वास के साथ व्यवसाय और परिवार दोनों की जिम्मेदारी निभा रही हैं। अपनी प्रगति से उत्साहित नीरा साहू कहती हैं कि बिहान योजना महिलाओं में बदलाव ला रही है।

## वनांचल की किस्मत बदलने वाली फसल साबित हुई इमली

**रायपुर, १६ मार्च।** इमली प्रसंस्करण समिति चितापुर की महिला समूह की दीदियों ने अपनी मेहनत और लगन के बूते यह सिद्ध कर दिया है कि यदि ग्रामीण संसाधनों का सही तरीके से प्रसंस्करण किया जाए, तो आर्थिक स्वावलंबन की राह आसान हो जाती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत गठित उत्पादक समूह आजीविका इमली प्रसंस्करण समिति की दीदियों ने इमली के परंपरागत संग्रहण को एक आधुनिक और लाभप्रद व्यवसाय का रूप दे दिया है। समूह की इन महिलाओं द्वारा किए जा रहे इसी उत्कृष्ट और संगठित कार्य को पिछले दिनों राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में विशेष रूप से रेखांकित करते हुए उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। बस्तर जिले के दरभा विकासखंड अंतर्गत सुदूर ग्राम तुआरास-चितापुर की महिलाओं ने अपनी मेहनत और नवाचार से इमली को वनांचल की किस्मत बदल देने वाली फसल साबित कर दिखाया है। इस समूह की कार्यप्रणाली पूर्णतः पेशेवर और गुणवत्ता पर आधारित है, जहाँ महिलाएँ स्वयं इमली की खरीदी सुनिश्चित करती हैं। खरीदी के उपरांत समूह की सदस्य बड़ी ही कुशलता से इमली का रेशा और बीज निकालकर उसे पूरी तरह शुद्ध करती हैं। महिलाओं के इसी हुनर का परिणाम है कि आज वे साधारण इमली से उच्च गुणवत्ता वाला इमली फूल और विशेष रूप से इमली चपाती तैयार कर रही हैं, जिसकी बाजार में भारी मांग है। आजीविका इमली प्रसंस्करण समिति चितापुर की सदस्य पदमिनी कश्यप बताती हैं कि अब ग्राहकों की सुविधा और बाजार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इन उत्पादों की 200 ग्राम, 500 ग्राम और 1000 ग्राम के आकर्षक पैकेटों में पैकेजिंग कर स्वयं इसका विक्रय भी संभाल रही हैं।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली जयराम देवांगन की किस्मत

**रायपुर, 16 मार्च।** आदिवासी बहुल कोंडागांव जिले के विकासखंड कोंडागांव के ग्राम जरेबेंदरी निवासी कृषक श्री जयराम देवांगन ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस योजना के माध्यम से उन्होंने अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। पूर्व में श्री जयराम देवांगन पारंपरिक रूप से धान एवं मक्का की खेती करते थे, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये की आय ही प्राप्त होती थी। सीमित आय के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति में



विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था। वर्ष 2022-23 में उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अपनी 1.40 हेक्टेयर भूमि में तालाब निर्माण का निर्णय लिया। इसके लिए लगभग 15.40 लाख रुपये की लागत से तालाब का निर्माण कराया गया, जिसमें शासन की ओर से उन्हें 6.16 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। तालाब निर्माण के बाद उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए मछली पालन के साथ-साथ मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया।

नई तकनीकों और मेहनत के परिणामस्वरूप उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां पहले उन्हें खेती से लगभग 1 लाख रुपये की वार्षिक आय प्राप्त होती थी, वहीं अब मछली पालन के माध्यम से उन्हें लगभग 7 लाख रुपये की आय प्राप्त हो रही है, जो पहले की तुलना मंन लगभग छह गुना अधिक है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और आज वे आत्मनिर्भर बनकर अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं। कृषक श्री जयराम देवांगन ने शासन की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और वे भविष्य में इस कार्य को और विस्तार देने की योजना बना रहे हैं।

### सतर्कता ही समझदारी है, सावधानी बरते और साइबर ठगी से बचें

# साइबर ठगों से बचने पॉवर कंपनी ने की उपभोक्ताओं से अपील

**रायपुर, 16 मार्च।** बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। छत्तीसगढ राज्य पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी स्पष्ट किया कि पंजीयन राशि के भुगतान की सुविधा केवल मोर बिजली एप, एटीपी केंद्र और संबंधित विद्युत कार्यालय के माध्यम से ही उपलब्ध है। छत्तीसगढ राज्य पॉवर कंपनी के एमडी श्री भीम सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के नाम पर फैल रहे साइबर ठगी के प्रयासों से सतर्क रहें। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि योजना के पंजीयन या बिजली बिल भुगतान से जुड़ी किसी भी



प्रक्रिया के लिए अनजान वॉट्सएप मैसेज, ई-मेल या एसएमएस में आए किसी लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी एपीके फाइल को डाउनलोड करें। कई बार आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपभोक्ता बिजली बिल बकाया रह जाता है और समय के साथ उस पर बिजली बिल में अधिभार बढ़ता जाता है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपना पंजीयन कराना आवश्यक होगा। यह पंजीयन बिजली विभाग की वेबसाइट, मोबाइल एप या नजदीकी कार्यालय में जाकर कराया जा सकता है। छत्तीसगढ राज्य पॉवर कंपनी के एमडी श्री भीम सिंह ने अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया बिजली बिल का समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत और व्यवस्थित बनाना है।

पॉवर कंपनी के अनुसार वह अपनी किसी भी योजना अथवा सेवा के लिए उपभोक्ताओं को कोई एपीके फाइल या संदिग्ध वेब लिंक नहीं भेजती है। इसलिए यदि किसी संदेश में ऐसा लिंक या फाइल प्राप्त होती है तो उसे तुरंत नजरअंदाज करें। कंपनी ने बताया कि योजना की जानकारी और पंजीयन की सुविधा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोग सीधे अधिकृत माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकें।

छत्तीसगढ राज्य पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे बिजली बिल या किसी अन्य शुल्क का भुगतान केवल मोर बिजली एप, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, एटीपी सेंटर या नजदीकी विद्युत कार्यालय में ही करें। किसी भी मैदानी कर्मचारी को नकद भुगतान न करें। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीयन राशि के भुगतान की सुविधा केवल मोर बिजली एप, एटीपी केंद्र और संबंधित विद्युत कार्यालय के माध्यम से ही उपलब्ध है।

साथ ही उपभोक्ताओं को बताया गया है कि पॉवर कंपनी की ओर से भेजे जाने वाले सभी आधिकारिक संदेश सेंडर से ही आते हैं। यदि किसी अन्य आईडी से संदेश प्राप्त होता है तो उसे संदिग्ध माना जाए। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए उपभोक्ता केंद्रीकृत कॉल सेंटर के टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं या अपने नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पॉवर कंपनी ने कहा है कि सतर्कता ही समझदारी है और थोड़ी सावधानी बरतकर साइबर ठगी से आसानी से बचा जा सकता है।

### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हुई निशि श्रीवास

**रायपुर ,१6 मार्च।** खैरागढ़, छुईखदान गंडई जिले के ग्राम टेकापार कला की निवासी श्रीमती निशि श्रीवास ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्राप्त किया है। सोलर प्लांट लगवाने से पहले उनके घर का बिजली बिल लगभग ?500 प्रतिमाह आता था, जिससे घरेलू खर्चों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। योजना के अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित होने के बाद अब उनकी स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। सोलर सिस्टम से बिजली का उत्पादन होने के कारण उनका बिजली बिल अब शून्य (?0) हो गया है। हाल ही में उनके सोलर प्लांट से कुल 282 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ, जिस पर उन्हें ?474 का सोलर रिबेट भी प्राप्त हुआ। श्रीमती निशि श्रीवास का कहना है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से न केवल बिजली बिल में राहत मिली है, बल्कि यह स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## छोटी बचत से बड़ा कदम, महतारी वंदन योजना से शुरू किया अपना व्यवसाय

**रायपुर, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मातृशक्ति के सशक्तीकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू यह योजना महिलाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है। योजना के अंतर्गत प्रतिमाह प्राप्त होने वाली एक हजार रुपये की राशि महिलाओं के सपनों को नई उड़ान दे रही है और वे अपने परिवार के साथ-साथ समाज में भी सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर रही हैं।

कोरबा जिले में भी महिलाएं इस योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन को नई दिशा दे रही हैं। इन्हीं लाभार्थियों में से एक हैं कोरबा जिले के सीतामढ़ी क्षेत्र में रहने वाली श्रीमती कृष्णा कुर्रे। वो बताती हैं कि पहले परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए घर से बाहर काम करने जाती थीं, लेकिन उनका मन हमेशा स्वयं का कोई काम शुरू करने का था। बाहर जाकर काम करना उन्हें सहज नहीं लगता था, ऐसे में अपने घर के पास ही कोई स्वरोजगार शुरू करने की इच्छा रखती थीं। इसी दौरान राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई। योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत आवेदन किया और कुछ ही समय में उन्हें इसका लाभ मिलने लगा। योजना के तहत मिलने वाली राशि हर माह समय पर उनके बैंक खाते में जमा होने लगी। उन्होंने इस राशि को धीरे-धीरे बचाकर जमा करना शुरू



किया। कुछ समय में जब उनके पास लगभग 12 से 15 हजार रुपये की राशि एकत्रित हो गई, तो उन्होंने उसी धनराशि से अपने घर पर ही ब्यूटी पार्लर शुरू करने का निर्णय लिया। आज वे अपने घर से ही यह कार्य संचालित कर रही हैं, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ आय का स्रोत भी मिल गया है।

श्रीमती कुर्रे बताती हैं कि उनकी तीन बेटियां हैं और अब वे उनकी छोटी-छोटी जरूरतों को भी आसानी से पूरा कर पा रही हैं। पहले जहां कई आवश्यकताओं के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब वे स्वयं कमाकर अपने परिवार का सहयोग कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है और घर में खुशहाली आई है।

उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की इस योजना ने हम जैसी महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। आज हम अपने परिवार के साथ सम्मानपूर्वक और आत्मविश्वास के साथ जीवन जी पा रहे हैं।

## एनु आत्मनिर्भर बनी और ग्रामीण महिलाओं को भी सशक्त किया

**रायपुर, 16 मार्च।** सपनों को उड़ान देने के लिए पंख नहीं, साहस और संकल्प की जरूरत होती है। इसी बात को सत्य साबित किया है छत्तीसगढ के धमतरी की एक साधारण लेकिन जुझारू युवती एनु ने, जो आज ÷स्कूटी दीदी÷ के नाम से जानी जाती हैं। संसाधनों की कमी, सामाजिक दबाव और सीमित अवसरों के बावजूद एनु ने न केवल आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। एनु का जन्म एक सामान्य ग्रामीण परिवार में हुआ, जहाँ आर्थिक स्थिति सशक्त नहीं थी। परिवार में आय के सीमित स्रोत थे, और लड़कियों की शिक्षा को लेकर अब भी संकोच और संकीर्ण सोच थी। परन्तु एनु की सोच इससे बिल्कुल अलग थी। वे हमेशा कुछ नया करने और अपने पैरों पर खड़े होने की इच्छा रखती थीं। कठिनाइयों और प्रतिकूलताओं के बीच भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अर्थशास्त्र में परास्नातक की उपाधि हासिल की। यह उपलब्धि ही अपने आप में उनके संघर्ष और लगन का प्रतीक थी। एनु का लक्ष्य केवल डिग्री लेनी ही मंज़िल नहीं थी। एनु जानती थीं कि केवल शिक्षा से रोजगार नहीं मिलेगा, जब तक उनके पास कोई कौशल न हो। इसी सोच के साथ उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान से जुड़कर सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण ने उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला मजबूत कदम उठाने का अवसर दिया। लेकिन उनका सपना सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं था। एनु का अगला कदम था -मोबिलिटी यानी गतिशीलता की। वे चाहती थीं कि खुद स्कूटी चला सकें, ताकि गांव-गांव जाकर महिलाओं से मिलें, प्रशिक्षण दें और उनके जीवन को बदलने में योगदान दे सकें, लेकिन एक ग्रामीण युवती के लिए दोपहिया वाहन चलाना समाज के लिए असामान्य बात थी। इसके लिए उन्हें न केवल आत्मसंदेह से लड़ना पड़ा, बल्कि समाज की रूढ़िवादी सोच से भी लडना पडा। यही पर 'प्रथम संस्था' ने उन्हें स्कूटी चलाने का प्रशिक्षण दिया। पहले-पहले जब उन्होंने स्कूटी की चाबी हाथ में ली, तो लोगों ने ताने दिए - लड़की होकर गाड़ी चलाएगी?, क्या ज़रूरत है इधर-उधर घूमने की?, लेकिन एनु अडिग रहीं। उन्होंने अपने आत्मविश्वास के साथ इन बातों को अनसुना कर, प्रैक्टिस जारी रखी और जल्द ही स्कूटी चलाने में दक्ष हो गई।

धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास और कौशल दोनों बढ़ने लगे। अब वे गांवों में स्वतंत्र रूप से घूमने लगीं, महिलाओं से जुड़ीं, उन्हें मोटिवेट करने लगीं और अपनी यात्रा की कहानी सुनाकर उनमें भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देने लगीं। यही वह मोड़ था जब उन्होंने तय किया कि अब वह खुद एक ड्राइविंग स्कूल शुरू करेंगी, ताकि अन्य महिलाओं को भी गाड़ी चलाना सिखा सकें। यह पहल ग्रामीण परिवेश में महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। सन 2023 में एनु अपने सीमित संसाधनों के साथ ÷महिला दोपहिया प्रशिक्षण केंद्र÷ की शुरुआत की। शुरू में केवल 2-3 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया, लेकिन जल्द ही यह संख्या बढ़ती चली गई। आज उनकी पहचान पूरे ब्लॉक और जिले में ÷स्कूटी दीदी÷ के रूप में हो गई है। उन्होंने अब तक 30 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को दोपहिया वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से कई महिलाएं अब स्वयं स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र या बैंक जैसी जगहों पर काम करने के लिए आत्मनिर्भर रूप से आने-जाने लगी हैं।

एक नजर

## धोबी समाज के वरिष्ठ लोगों का किया गया सम्मान

**रायपुर 16 मार्च।** जिला बेमेतरा ,बेरला के ग्राम हसदा में छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वरिष्ठ सम्मान समारोह एवं सामाजिक अधिवेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रहलाद रजक अध्यक्ष रजककार बोर्ड और कार्यक्रम के अध्यक्षता के रुप मे भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया, वहीं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके अनुभवों और योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके योगदान को याद किया गया तथा समाज की एकजुटता और विकास के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

## फर्टिलिटी जागरूकता के लिए जननी यात्रा पहुँची रायपुर



**रायपुर 16 मार्च।** प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में भारत का भरोसेमंद नाम, ओएसिस फर्टिलिटी अब अपनी देशव्यापी फर्टिलिटी जागरूकता पहल ओएसिस जननी यात्रा के अगले पड़ाव के रूप में छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुँच चुकी है। इससे पहले यह यात्रा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और ओडिशा में कई दंपतियों तक पहुँचकर उन्हें मार्गदर्शन दे चुकी है। इस पहल का उद्देश्य टियर I, II और III शहरों और क्षेत्रों में लोगों तक फर्टिलिटी से जुड़ी जागरूकता, विशेषज्ञ सलाह और शुरुआती जाँच की सुविधा को सीधे समुदायों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आशा जैन, डायरेक्टर- एसएमएसए हॉस्पिटल और मेडिकल डायरेक्टर, कैंसर प्रिवेंशन रिलीफसोसाइटी तथा डॉ. अनामिका सिंह, एमआईसी सदस्य- रायपुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने परिवारों तक प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी जानकारी पहुँचाने और समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए ओएसिस फर्टिलिटी की इस पहल की सराहना की।

## छत्तीसगढ़ को मिलीं डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीटें

**रायपुर, 16 मार्च ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में चिकित्सक संगठन एवं मेडिकल छात्राओं ने सौजन्य मुलाकात की और प्रदेश को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार लगातार प्राथमिकता के साथ बेहतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेशवासियों को सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता था, जिसमें लगभग 100 से 150 सीटें थीं। आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 14 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग 1400 सीटें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, नर्सिंग सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित हुए हैं, जिनका लाभ प्रदेश के विद्यार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में मेडिको सिटी की स्थापना की जा रही है, जहां बड़े-बड़े सुपरस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट प्रदान किए जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तुलसी कौशिक, डॉ. देवेंद्र कश्यप सहित जूडो और मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 16 मार्च। नगर पालिका कार्यालय की कार्यप्रणाली के विरोध में आज मंदिरहसौद बंद रहा।

# भाजपा सदैव मूल्य आधारित राजनीति करती है: अशोक बजाज

■ चंदखुरी में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ



**रायपुर 16 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भाजपा एक सिद्धांतवादी पार्टी है तथा सदैव मूल्यों की राजनीति करती है। उन्होंने वैचारिक अनुष्ठान विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि भाजपा ने एकात्म मानव दर्शन की विचारधारा को अंगीकृत किया है। भाजपा के सिद्धांतों की जड़े हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति में निहित है और यह सिद्धांत आधुनिकता, विज्ञान व तकनीक और लोकतंत्र से तालमेल रखते हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंदिर हसौद मंडल का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग कौशल्या माता मंदिर के समीप कायस्थ भवन चंदखुरी में आयोजित है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को विभिन्न वक्ताओं ने संगठन की विचारधारा और कार्य पद्धति से अवगत कराया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में वक्ता के रूप में मुख्य रूप से अशोक बजाज के अलावा संतोष शुक्ला, संचित तिवारी, अरविंद ठाकुर एवं राजेश साहू शामिल हुए जिन्होंने संगठन की रीति - नीति, कार्य प्रणाली और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।प्रत्येक सत्र की अध्यक्षता क्रमशः शोभा राम यादव, प्रतीक बैस, अशोक बंजारे, कुलेश्वर बैस तथा के. आर. साहू ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, श्रीमती ललिता कृष्णा वर्मा एवं अभिनेष बॉबी कश्यप सहित मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सांसद बृजमोहन के प्रयासों से 20.76 करोड़ के 189 कार्य स्वीकृत

**रायपुर 16 मार्च।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्ध हैं। उनके सतत प्रयासों और अनुशंसा के फलस्वरूप रायपुर जिले के सभी विधानसभाओं, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, रायपुर पश्चिम, रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, आरंग और धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं शहर के वार्डों में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए 2076 लाख रुपए की लागत से 189 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है इन कार्यों में सीसी रोड और नाली निर्माण, सामुदायिक भवन एवं सभा कक्ष का निर्माण, बाउंड्री वॉल निर्माण, स्कूलों में स्मार्ट कक्ष और वाटर कूलर की व्यवस्था, खेल मैदानों का समतलीकरण तथा शौचालय निर्माण जैसे अनेक जनहितकारी कार्य शामिल हैं। इन विकास कार्यों से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की जो गति बनी है ।

### मनरेगा बचाओ संग्राम तथा स्थानीय मुद्दो को लेकर

# 17 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

**रायपुर 16 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दो बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी, किसानो से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामो की बढोत्तरी बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था प्रदेश में नशे की खेती और करोबार जैसे मुद्दो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित सभी सह-प्रभारी राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। विधानसभा घेराव के लिए जिलेवार तथा विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की जा चुकी है। प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसजन विधानसभा घेराव में शामिल होकर डबल इंजन की सरकार के खिलाफहल्ला बोलेंगे। 17 मार्च को राजधानी रायपुर के शंकर नगर पहुना के पहले केनाल रोड पर भारत माता चौक से कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे विधानसभा की ओर कूच करेंगे। लगभग 30 हजार से अधिक कांग्रेसजन घेराव में शामिल होंगे।

**शासकीय आश्रमों में बच्चियां सुरक्षित**



**नहीं:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर जिले के एक शासकीय छात्रावास मे एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है। पालकों का भरोसा टुटा है। शासकीय छात्रावास मे तीन मासूम बच्चियों के साथ दुराचार हुआ है। बच्चिया गर्भवती हो गयी है। आश्रम प्रबंधन ने मामले को छुपाने के लिए इन पीड़ित बालिकाओं को आश्रम से निकाल कर घर भेज दिया। जबकि ऐसी घटना की जानकारी मिलने के बाद पाक्सो एक्ट की धारा 19 के तहत आश्रम प्रबंधन को सबसे पहले पुलिस को सूचना देना था। राज्य मे जबसे भाजपा की सरकार बनी है, सरकारी आश्रम मे बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। इसके पहले भी बीजापुर के पोटा केबिन मे भी ऐसी ही घटना की जानकारी सामने आई थी 12 वी की छात्रा अनाचार के कारण गर्भवती हो गयी थी। सुकमा मे भी ऐसी ही घटना हुई।कोरबा मे भी ऐसी ही घटना हुई। रमन राज के समय हुई कांकेर के झलियामारी के जैसे ही बीजापुर की यह घटना है। प्रदेश का मुखिया आदिवासी है। उसके बावजूद वह आदिवासी बच्चियों को सुरक्षा नहीं दे पा रहा। इस घटना की जाँच के लिए कांग्रेस जाँच दल भेजेगी। इस मामले मे जो भी दोषी हो उनपर कड़ी कार्यवाही की जाय. प्रदेश के सभी छात्रावासों की सुरक्षा की समीक्षा की जानी चाहिए और हर छात्रावास की महिला पुलिस नियमित निगरानी करे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में गैस की किल्लत शुरू हो गयी है। आम आदमी परेशान हो रहा है। गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी कतारें लगी हुई है। गैस कंपनियों के बुकिंग नंबर लगभग बंद सर्वर का बहाना बनाकर बुकिंग लेना बंद कर दिया गया है और सरकार जमीनी हकीकत को मानने को तैयार नहीं है।

## नवरात्रि पर घट 'कलश' स्थापना 19 को ही करें: इंदुभवानंद

**रायपुर 16 मार्च।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला के प्रमुख दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने चैत्र नवरात्रि को लेकर भक्तों के मन में बने भ्रम को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि इस वर्ष नया संवत्सर और नवरात्रि का घट 'कलश' स्थापना 19 मार्च को ही की जानी चाहिए।

डॉ इंदुभवानंद महाराज ने कहा इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की तिथि को लेकर कई लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही नया संवत्सर प्रारंभ होता है और इसी दिन नवरात्रि के लिए घट 'कलश' स्थापना की जाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 19 और 20 मार्च दोनों ही दिनों सूर्योदय के समय प्रतिपदा तिथि उपलब्ध नहीं है। 19 मार्च को सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि एक घटी 36 पल तक रहेगीए जिसके बाद प्रतिपदा प्रारंभ होगी। वहीं प्रतिपदा तिथि 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी और सुबह 5.25 बजे इसका समापन हो जाएगा। इस कारण दोनों दिनों के उदयकाल में प्रतिपदा तिथि का अभाव बन रहा है। महाराज ने बताया कि ऐसी स्थिति में शास्त्रों में वर्णित निर्णय सिंधु के अनुसार यदि किसी तिथि का उदयकाल दोनों दिन नहीं मिलता है तो पूर्व दिन को ही ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा इसी आधार पर 19 मार्च को ही नया संवत्सर आरंभ माना जाएगा।

# कानून व्यवस्था पर संवाद से समाधान कार्यक्रम




**रायपुर 16 मार्च।** भनपुरी के छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ जो लगभग साठ साल पुरानी पंजीकृत लघु एवं मध्यम उद्योगपतियों की संस्था है एवं आलू प्याज़ आढ़तिया संघ द्वारा सीएफ़आई के ऑडिटोरियम हॉल मे संवाद से समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम मे पुलिस अधिकारी डीसीपी(नार्थ जोन) मयंक गुर्जर, एसीपी (उरला) पूर्णिमा लांबा,प्रोविजनल डीएसपी अमित कोसमा,खमतराई टीआई राजेश सिंह एवं उरला थाना टीआई रोहित मालेकर उपस्थित थे। डीसीपी ( नार्थ जोन)मयंक गुर्जर ने बताया कि कैसे नया कमीशनरेट कमिश्नर संजीव शुक्ला के नेतृत्व मे काम कर रहा है।डीसीपी (उतर जोन) मयंक गुर्जर ने बहुत ही सरल शब्दों मे समझाया कि कैसे हम अपने दैनिक व्यवहार मे अनुशासित होकर सुरक्षा के साथ बिना भय के उद्योग चला सकते है।उन्होंने सीसीटीवी कैमरो का व्यवस्थित इंस्टालेशन पर प्रकाश डाला।पुलिस कैसे आम नागरिक की मदद करती है और उद्योगपति और पुलिस प्रशासन आपसी सामंजस्य से कैसे काम कर सकते है का सिलसिलेवार विवरण दिया। एसीपी (उरला)पूर्णिमा लांबा ने नये कमीशनरेट व्यवस्था और उसकी ज़रूरतों पर प्रकाश डाला ।टीआई खमतराई राजेश सिंह ने कहा की भनपुरीं,ख़मतराई औद्योगिक इलाक़ा है और पुलिस हमेशा प्रयासरत होती है कि क़ानून व्यवस्था का पालन हो एवं उद्योगपति,व्यापारी सुकून से अपना व्यापार कर सके।खुले मंच पर सभी उद्योगपति एवं व्यापारियों ने अपनी बात रखी।अधिकारियों ने कहा की पुलिस व्यापारिओ की हर संभव मदद करेगी।आलूप्याज़ व्यापारी संघ,भनपुरीं,ख़मतराई एवं आसपास के उद्योगपति व्यापारी भाई,विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों,फेडरेशन के सदस्यों एवं व्यापारी वर्ग के लगभग दो सौ लोग समारोह मे उपस्थित थे।फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष,पूरी कार्यकारिणी, कार्यक्रम के सफ़लतार्थ प्रयासरत थे।

# छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने खेली फूलों की होली

**रायपुर 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के तत्वावधान मे छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा विप्र भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

विप्र भवन में होली मिलन समारोह आनंद ,भक्ति और हर्ष- उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में अंचल के प्रसिद्ध गायक राकेश तिवारी मंडली द्वारा प्रस्तुत फाग गीत,नृत्य,प्रहसन और फूलों की होली ने विप्र भवन को ब्रज धाम बना दिया। कृष्ण राधा के भजन में झूमते गाते विप्र समाज के सदस्यों ने फूलों की होली खेलकर होली मिलन समारोह को यादगार बनाया ।इस अवसर पर हास्य व्यंग्य से सराबोर ,हास्य प्रहसन के नए कलेवर ने सबको खूब हंसाया। छत्तीसगढ़ी लोकगीत और लोक नृत्य का अलग ही आनंद रहा ।




होली मिलन समारोह छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा , विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, कुसुम शर्मा ,सुरेंद्र शुक्ला, के के शुक्ला ,संजय दीवान, नटराज शर्मा, उमाकांत शर्मा, प्रीति शुक्ला, सौरभ शर्मा, पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे, डा. ध्रुव पांडेय, डॉ.मेघेश तिवारी और भाजपा नेता सुभाष तिवारी सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने फूलों की होली और फाग गीत के साथ अंत में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद लिया।




**रायपुर 16 मार्च। सिंधी समाज के सिंधियत जोमेलो कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय के साथ छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, महामंत्री एवं नहरपारा विकास समिति के उपाध्यक्ष बलराम आहूजा एवं चेम्बर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी मौजूद थे।**

सम्मेलन | सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए

# 250 से अधिक युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन

**रायपुर 16 मार्च।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में 15 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 11 बजे से श्री दूधाधारी सत्संग भवन, मठपारा, रायपुर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न हुआ. इसमें 250 से ज्यादा छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के युवक-युवतियों के पंजीयन प्राप्त हुए, जिसे स्मारिका मिलन-2026 में प्रकाशित किया गया. पंजीयन कराये परिवारों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया एवं पसंद वाले रिश्ते के लिए परिवारों ने प्रारंभिक बातचीत की.



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पुरन्दर मिश्रा- विधायक, रायपुर उत्तर ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन हेतु संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए परिजनों को शुभकामनाएं दिये कि सम्मेलन के माध्यम से उनका उद्देश्य पूर्ण हो और वे योग्य वर-वधु का चयन कर सकें. विशेष अतिथि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला ने समाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिवेश में परिचय सम्मेलन की आवश्यकता को समझाया. पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे ने संगठन के द्वारा सभी दलों के विप्र प्रतिनिधि को महत्व देते हुए वृहद, गरिमामय कार्यक्रम के लिये संगठन के कार्यों की सराहना की. प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा संगठन के वार्षिक गतिविधियों को बताया. युवक-युवती परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने सामाजिक मेल-मुलाकात की कमी ही योग्य वर-वधु चयन की बड़ी बाधा के कारण परिचय सम्मेलन को आवश्यक बताया. कार्यक्रम का संचालन पत्रिका के संपादक रज्जन अग्निहोत्री ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने किया. वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, प्रदेश महासचिव द्वय अजय अवस्थी, डॉ. सुनील कुमार ओझा, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे आदि ने भी सम्बोधित किया. कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सुमन मिश्रा, बबीता मिश्रा, वीणा मिश्रा, सुनीता शर्मा, सुमन पाण्डेय, वीणा ठाकुर, विद्या भट्ट, राधा तिवारी, अर्चना तिवारी, लक्ष्मी राव, रीता तिवारी, स्वाति मिश्रा सरयूपारिण से विजयशंकर पाण्डेय, गौतम ओझा व साथी, त्रिभुवन तिवारी, सतीश शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, उमेश शर्मा, नितिन शर्मा ब्राह्मभट्ट, जितेन्द्र बाजपेयी, अखंड ब्राह्मण से योगेश तिवारी व साथी, जिला अध्यक्ष बिलासपुर रेखेन्द्र तिवारी व साथी, तिल्दा से दीपक शर्मा, पंजाबी ब्राह्मण से राजकुमार शर्मा, अजीत शर्मा, कान्यकुब्ज से राजकुमार अवस्थी, चन्द्र भूषण बाजपेयी, विदोष द्विवेदी, संजय अवस्थी, हेमन्त तिवारी, राहुल शुक्ला, दुर्ग से श्याम तिवारी व साथी, बिलासपुर से बसंत बाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, मनोहर मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# तहसील रायपुर के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

■ कांदूल, भाठागांव, डोमा और दतरेंगा में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का प्रहार



**रायपुर 16 मार्च।** कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश एवं एसडीएम रायपुर के मार्गदर्शन में आज तहसील रायपुर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा बिना वैध अनुमति के की जा रही प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को हटाया गया। ग्राम कांदूल में लगभग 2-2 एकड़ क्षेत्र में की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए निर्मित प्लिंथ को तोड़ा गया तथा बनाए गए अवैध रोड-रास्तों को काटा गया। इस दौरान अतिरिक्त तहसीलदार श्री राकेश कुमार देवांगन सहित अन्यहल्का पटवारी, कोटवार एवं नगर निगम की टीम मौजूद रही। इसी क्रम में ग्राम भाठागांव स्थित खसरा नंबर 940/1, 940/4 एवं 944/1 की लगभग 5 एकड़ भूमि में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार प्रवीण परमार, हल्का पटवारी, कोटवार एवं नगर निगम की टीम मौजूद रही। इसके अलावा ग्राम डोमा में एक एकड़ तथा ग्राम दतरेंगा में 3 एकड़ से अधिक भूमि में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार राममूर्ति दीवान, हल्का पटवारी एवं ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26